## सार समाचार

### क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन एवं सम्मान समारोह संपन्न



**गुना, देशबन्धु।** मीनाक्षी कोठी नानाखेड़ी पर दशहरा मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजा विनय सिंह पाडौन तथा मुख्य अतिथि डीएस तोमर ( एनएफएल) थे। इस मौके पर विशेष रूप से क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ एवं सम्मनीयजनों का प्रशस्ति पत्र साफा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। सम्मानित लोगों में विशेष रूप से डॉ. ब्रजराज सिंह सिसोदिया, डॉ. प्रहलाद सिंह सिकरवार, डॉ. बीएस कुशवाह, सुमेर सिंह गढा, भानुप्रताप सिंह, हरीहर प्रताप सिंह गौरव सिंह चौहान, सोमेद्र सिंह तोमर अनिरुद्ध सिंह तोमर, मान सिंह भदौरिया, धर्म सिंह कुशवाह (राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा) आनद सिंह जादौन, रामपाल सिंह परमार मधुसूदन सिंह राजपूत थे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में अधिकाश वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। जिसमें सभी ने एक मत होकर क्षत्रिय समाज को एकजुट रहने की बात कही। इस मौके पर हेमराज सिंह ख्यावदा, रक्षित सिंह गढा, शक्कर सिंह राजपूत, मनोज सिंह तोमर, ब्रजराज सिंह सोलंकी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत सहभोज भी हुआ। अंत में समारोह में आए सभी अतिथियों का डॉ. दिनेश सिंह कुशवाह ने आभार व्यक्त किया।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत पठार मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश पर दो व्यक्तियों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुकेश पुत्र मुन्नालाल कुशवाह निवासी पठार मोहल्ला ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीबन 11 बजे वह अपने घर से हरी पानवाले की दुकान पर जा रहे थे। तभी छोटू कुशवाह और प्रमोद कुशवाह मोटर साईकिल से आये और पुरानी रंजिश पर गाली गलौंच कर झूमाझटकी कर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**पहले खेत से भुट्टे तोड़े, विरोध किया तो कर दी मारपीट :** इधर जिले के आरोन थानांतर्गत रामपुर में दो भाईयों के साथ गांव के ही कुछ युवकों ने खेत से भुट्टे तोडने् को लेकर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी घासीराम शर्मा ने अपने चचेरे भाई अनुज के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह और उनका चचेरा भाई अनुज नाई की दुकान के सामने खड़े थे। तभी गांव के दिमना अहिरवार, खिलनसिंह अहिरवार, राजू धाकड आए। जब घासीराम ने दिमना अहिरवार से कहा कि तुमने मेरे खेत से मक्का के भुट्टे क्यों तोडे हैं तो इसी बात पर से दिमना, खिलन अहिरवार, राजू धाकड तीनों गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। जब घासीराम

## सिंधिया समर्थक नीरज भर सकते हैं निर्दलीय के रूप में हुंकार

# गुना से पन्नालाल होंगे भाजपा प्रत्याशी, अटकलों को विराम



*__गुना, देशबन्धु।__ नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख एक दिन पहले भाजपा ने आखिरकार गुना से भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य को घोषित कर दिया। पूर्व विधायक श्री शाक्य ने 2013 में कांग्रेस के नीरज निगम को करीब 45 हजार मतों से चुनाव हराया। इस बारे सिंधिया समर्थक श्री निगम भाजपा से अंतिम समय तक टिकट का प्रयास करते रहे। लेकिन संघ और संगठन की एकराय पन्नालाल पर बनी। इधर भाजपा से जबर्दस्त दावेदारी कर रहे नीरज निगम ने चुनावी मैदान में निर्दलीय उतरने के संकेत दिए हैं। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उन्होंने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को जुलूस के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन फॉर्म जमा करने का ऐलान किया है। उनकी अपील के पोस्टर में स्व. राजामाता सिंधिया एवं स्व. माधवराव सिंधिया के फोटो चर्चाओं का विषय रहे।*

*उल्लेखनीय है कि रविवार को भाजपा ने अपनी 6वीं और अंतिम सूची जारी की। जिसमें होल्ड पर रखी गुना सीट से टिकट फाइनल कर दिया। इस तरह गुना सीट का लंबा इंतजार पन्नालाल शाक्य की उम्मीदवारी पर आकर खत्म हो गया। खास बात यह कि शाक्य उक्त सीट से दूसरी बार चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि इससे पहले 2013 से 2018 तक विधायक रहे। इस दौरान वह अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में रहे। जिसमें विराट कोहली एवं अनुष्का शर्मा के विवाह पर दिया बयान राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा। दरअसल, जिले की चार विधानसभा सीटों में से भाजपा एकमात्र गुना सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं कर पा रही थी। जबकि कांग्रेस ने चारों सीट से अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए थे। लेकिन गुना सीट को भाजपा द्वारा लगातार होल्ड पर रखा जा रहा था, जिससे राजनीतिक गलियारों में भी तमाम तरह की चर्चाएं चल पड़ी थीं।*

*वहीं दूसरी ओर उक्त सीट से दावेदारी कर रहे दावेदार भी पशोपेश में थे, जिन्होंने न केवल फार्म खरीदे बल्कि जमा भी कर दिए थे। लेकिन भाजपा द्वारा उम्मीदवारी घोषित न किए जाने से असमंजस के बादल छाए हुए थे। इसी बीच रविवार को अचानक बीजेपी ने अपनी छठवीं सूची जारी की, जिसमें गुना विधानसभा क्षेत्र से पन्नालाल शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।*

### इस्तीफा न दे पाने से 1977 में चुनाव लडऩे से चूक गए थे पन्नालाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता बताते हैं कि पन्नालाल शाक्य पेशे से शिक्षक रहे हैं। वे आरएसएस के स्वयंसेवक रहे हैं। 1977 में भी पार्टी ने शाक्य को टिकट दिया था, लेकिन अंतिम समय तक सरकारी नौकरी से इस्तीफा न दे पाने के चक्कर में चुनाव लडऩे से चूक गए थे। इसके बाद वे संघ से जुड़े रहे और संघ की गतिविधियों का हिस्सा रहे।

### 2013 में बड़ी जीत हासिल की, पर 2018 में नहीं मिला था टिकट

खास बात यह कि 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गुना (अजा) सीट से पन्नालाल शाक्य को टिकट दिया। हालांकि, इस दौरान ज्यादातर मतदाताओं के सामने चेहरा नया था, लेकिन गुना सीट पर संघ और भाजपा की मजबूत पकड़ के चलते शाक्य ने कांग्रेस उम्मीदवार नीरज निगम को करीब 45 हजार मतों से पराजित किया। लेकिन 2018 के चुनाव में दावेदारी के बाद भी पार्टी ने उन्हें टिकट न देकर 2013 में अशोकनगर विधायक रहे गोपीलाल जाटव को गुना लाकर उम्मीदवार बनाया। शाक्य को टिकट न मिलने के पीछे तमाम तर्क दिए गए, जिनमें उनकी विधायकी के दौरान बयानबाजी, चंद कार्यकर्ताओं से घिरे रहना, एंटी इन्कमबैंसी जैसी बातें सामने आईं।

# संडे खराब कर रही बिजली कटौती

**गुना, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय सहित अंचलभर में इन दिनों मेंटीनेंस के नाम पर जमकर बिजली की कटौती की जा रही है। जिसमें हर शनिवार-रविवार को तो लगभग 6 से 7 घंटे अघोषित कटौती निश्चित है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को वोल्टेज की घट-बढ़ की समस्या की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। हालांकि बिजली कंपनी के अफसर अघोषित बिजली कटौती के पीछे बढ़ते लोड और मेंटीनेंस बताते हैं। गुना शहर में रविवार को आधे से ज्यादा शहर में सुबह से ही बिजली गुल रही। जिसके चलते कुछ इलाकों में तो लोग पानी भरने से भी वंचित रह गए। इस दौरान लगभग छह से सात घंटे तक शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती हुई। जिसके चलते रविवार को आ रहे मैच में भी लोगों को बार-बार बाधा का सामना करना पड़ा।

दरअसल गुना सहित जिलेभर में इन दिनों मेंटेनेंस के नाम पर जमकर बिजली की कटौती की जा रही है। आए दिन अघोषित बिजली कटौती का कारण जानने लोग जब विद्युत मंडल के कार्यालय में फोन लगाते हैं तब फोन रिसीव नहीं किया जाता। शहरवासियों के अनुसार शहर की विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आक्रोश बढ़ रहा है। इधर निकट भविष्य में रोशनी का त्यौहार दीवाली आ रहा है। ऐसे में बिजली साथ नहीं दे रही है। घंटों बिजली गुल रहने से कई घरों में इनवर्टर जवाब दे रहे हैं। विभागीय अधिकारी कर्मचारी इतने लापरवाह हैं कि उन्हें जनता की तकलीफों से सरोकार नहीं है। शहर में आए दिन मेंटीनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती जहां लोगों की परेशानी बढ़ा रही है वहीं लोगों में गुस्सा भी है। शहरवासियों के अनुसार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों आए दिन बिजली गुल कर देते हैं। लेकिन मेंटेनेंस के बाद भी बिजली किन कारणों से काटी जाती है यह विभागीय अधिकारी नहीं बताते हैं। यह उनकी लापरवाही या फिर कमी।

### मनमाने वसूल रहे बिल

इधर मनमाना बिल वसूलने वाली बिजली कंपनी उपभोक्ताओं को बिजली तो पूरे समय नहीं दे पा रही है बल्कि आए दिन कटौती कर उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। रोजाना बिजली कंपनी अघोषित रूप से बार- बार बिजली काट रही है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार बिजली कटौती से लोग परेशान हो रहे है। दुकानदार से लेकर गृहणियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## राघौगढ़ भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क

# बनाने गांवों में गिनाई भाजपा सरकारों की योजनाएं





**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी बना द्वारा ग्रामीण अंचलों में तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों का अपार प्यार, स्नेह और दुलार उन्हें मिल रहा है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रत्याशी का फूलमालाओं, ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी से स्वागत किया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीण श्री बना के स्वर्गीय पिताजी को याद करते हुए भी भावुक हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही अपनात्व ग्रामीणों को हीरेन्द्र ङ्क्षसह के साथ मिल रहा है। रविवार को भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह द्वारा एक दर्जन के करीब गांवों का खाक छानी। जिसमें भोलापुरा, अहीरखेड़ी, बदरपुर, पालपुर, बैराखेड़ी, बरया, सारसहेला, सेमरा, आरामपुरा, आवन, मोहनपुर एवं तूमनखेड़ी सहित अन्य गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस मौके पर उन्होंने जनसंपर्क कर लोगों को भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं से अवगत कराया। श्री सिंह ने सुबह अपने निवास पर कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात करने के बाद ग्रामीण अंचल का रूख किया।

इस मौके प ग्रामीणों के बीच श्री ङ्क्षसह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विकास को देखकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में बौखलाहट मची हुई है। जनता का प्यार और आशीर्वाद उन्हें इस बार मिलने जा रहा है। जिससे कांग्रेसी परेशान हैं। इस दौरान उन्होंने गांवों में एक-एक व्यक्ति से वन-टू-वन चर्चा कर समस्याएं जानीं। जिन्हें दूर करने का आश्सासन भी दिया। वहीं श्री सिंह बुजुर्गों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लेना भी नहीं भूल रहे।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी के समक्ष गांव में जो बुनियादी समस्याएं हैं, उनका निराकरण करने की मांग की। ग्राम भोलापुरा एवं अहीरखेड़ी में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी का फूलमालाओं एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। यहां श्री बना ने ग्रामीणों और समर्थकों के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर लोगों से वोट मांगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी शशांक आज पर्चा भरेंगे



**सीहोर, देशबन्धु।** सोमवार को सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना हजारों समर्थकों और कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में चुनावी पर्चा दाखिल करेंगे। इस मौके पर श्री सक्सेना के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गों पर विशाल नामांकन रैली निकाली जाएगी। जिसमें हजारों की तादात में कांग्रेसी उपस्थित रहेंगे। नामांकन रैली सुबह 10 बजे विधानसभा के ग्राम अहमदपुर, से प्रारंभ होकर दोराहा, श्यामपुर होते हुए नगर के लुनिया चौराहा पहुंचेगी। लुनिया चौराहा पर सोमवार दोपहर 12 बजे समस्त कांग्रेसीजन और सक्सेना समर्थक एकत्रित होंगे। जहां से रैली पैदल पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए तहसील चौराहा पहुंचेगी, अनुविभागीय कार्यालय राजस्व सीहोर में हजारों समर्थकों की उपस्थिति में कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

नामांकन रैली की रूपरेखा तय करने को लेकर शनिवार को बडा बाजार स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने क्षेत्रवासियों ने नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है। कहा कि यह चुनाव आपके भविष्य का है, क्षेत्र की उन्नति और विकास का है। पूंजीपतियो और आमजन के बीच का है। पूंजीपति लोग सत्ता पर काबिज हैं। कुछ जनप्रतिनिधि राजनीति के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना स्वामित्व स्थापित करते जा रहे हैं। विगत दस वर्षों में क्षेत्र की स्थिति बिगडती चली गई। विभागों में आमजन के काम नहीं होते। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बनुयादी जरूरतों के लिए भी लोग जूझ रहे हैं।

पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने क्षेत्रवासियों से नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### भाजपा प्रत्याशी आज भरेंगे पर्चा

**आष्टा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर अपना नामांकन आज सोमवार को प्रात: 10 बजे सुभाष ग्राउंड पुराना बस स्टैंड से विशाल रैली के रूप में नामांकन फार्म जमा करेंगे जिसमे मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जे. पी. एस. राठौर एवम वरिष्ठ जन, युवा साथी एवम् मातृ शक्ति के साथ नगर के मुख्य मार्ग, बुधवारा गल चौराहा , भाऊ बाबा मंदिर, कॉलोनी चौराहा होते हुए तहसील पहुंचेंगे भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी से निवेदन किया है आप सभी नामांकन में शामिल हो कर अपना आशिर्वाद प्रदान करें जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय,प्रदेश स्तरीय, जिला, मंडल के पदाधिकारीगण जिला पंचायत , जनपद पंचायत ,नगर पालिका ,नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, सदस्य गणसभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,सदस्य शक्ति केन्द्र के प्रभारी एवं पंच परमेश्वर,बूथ अध्यक्ष, महामंत्री,बीएलए बुथ,समिति के सदस्य,सहित सभी वरिष्ठ नेता ,कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# पंडितिया भी नामांकन जमा करेंगे

**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस से टिकट के दावेदार मनोहर सिंह पंडितिया पिछले दो माह से लगातार कांग्रेस के वचनपत्र का प्रचार प्रसार एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के 20 हजार से भी अधिक फार्म भरने के साथ साथ लगातार लोगो से संपर्क बनाए हुए है।

कांग्रेस से कमलसिह चौहान को टिकट मिलने के बाद भी निराश नही हुए । मनोहर सिंह पंडितिया का कहना है कि कांग्रेस के टिकट के साथ बी फॉर्म मिलेगा। और अगर नही मिलता है तो कार्यकर्ता एवं मतदाताओ से रूबरू होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया जाएगा।



मनोहर सिंह पंडितिया ने आष्टा विधानसभा के सभी कार्यकर्ता मतदाता भाइयो से अनुरोध किया है कि तहसील चौराहे पर आज सोमवार को 12 बजे एकत्रित होकर सहयोग करे । मनोहर पंडितीया द्वारा नामांकन फॉर्म भरा जाएगा।

### रायसिंह मेवाड़ा मित्र मण्डल ने किया चल समारोह का स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** स्वर्णकार समाज के आराध्य महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव के अवसर पर स्वर्णकार समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा मित्र मण्डल द्वारा गल चौराहा स्थित मंच बनाकर शोभायात्रा मे आकर्षक रथ पर विराजित भगवान अजमीड की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा मे समाज के वरिष्ठ सुभाष सावरिया, मनोज सोनी, संजीव सोनी पांचम, बृज सोनी, राजू श्रीमोड़, राधेश्याम सोनी का स्वागत सम्मान किया गया। इसी प्रकार कुशवाह समाज द्वारा लवकुश जयंती के मौके पर श्री राधाकृष्ण मंदिर से चल समारोह निकाला गया जिसमे रथ पर लव कुश के रूप मे विराजित समाज के नन्हे कलाकारो का स्वागत सम्मान किया, वही समाज के प्रमुख राजकुमार कुशवाह, नरेन्द्र कुशवाह, किशोरीलाल कुशवाह, धन्ना कुशवाह, सुरेश कुशवाह, हीरा कुशवाह का रायसिंह मेवाड़ा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, आरिस अली, सुभाष नामदेव, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, नीलेश खंडेलवाल, सुमित मेहता, पराग धाड़ीवाल, विजय मेवाड़ा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

## भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने किया जनसंपर्क- बोले

# आपका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी





सीहोर, देशबन्धु। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विशाल रैली निकाली गई थी, इसके पश्चात आम सभा का आयोजन किया गया था। इस मौके पर भाजपा के स्टार प्रचारक गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया था। जिससे सीहोर विधानसभा भाजपामय हो गया है। वहीं रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी श्री राय ने शहरी क्षेत्र में कन्याओं की आरती और तिलक कर जनसंपर्क का श्रीगणेश किया।

रविवार को सुबह सीहोर विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ शहर के शीतल विहार कालोनी, शांति विहार कालोनी, हाउसिंग बोर्ड, अवधपुरी, चाणक्यपुरी और भोपाल नाके पर भाजपा प्रत्याशी श्री राय ने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान घर-घर पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शहर की तस्वीर बदल दी है। प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने शहर के लिए अपने वादे अनुसार विकास की राशि दी है। जिससे शहर का विकास महानगर की तर्ज पर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए हैं। नारी उत्थान, उनके सम्मान में भाजपा सरकार हमेशा अग्रणी रही है और आगे भी अग्रणी रहेगी।

## भाजपा प्रत्याशी प्रियंका के समर्थन में मृगवास में ली सभा

# राहुल की ना जात पता, ना धर्म : पटेल



*__गुना, देशबन्धु।__ चांचौड़ा भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना पैंची के समर्थन में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने मृगवास में विशाल आमसभा को संबोधित किया। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्री मीना एवं अन्य भाजपा नेताओं ने श्री पटेल का पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर यह कहते हुए हमला बोला है कि उनकी ना तो जात का पता है और ना ही धर्म का पता है। चुनाव आते हैं, तो वे कभी तिलक लगा लेते हैं, तो कभी जनेऊ पहन लेते हैं। वे आज अपरांह में जिले को चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के मृगवास में एक आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, चांचौड़ा चुनाव प्रभारी गोविंद राठी, संयोजक प्रदीप नाटानी सहित अनेक भाजपाजन उपस्थित रहे।*

*पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल आज अपरांह लगभग 12 बजे हेलीकॉप्टर से मृगवास पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष व पार्टी प्रत्याशी प्रियंका मीना ने उनका माल्यार्पण से स्वागत करते हुए अगुवानी की। इसके बाद वे सडक़ मार्ग से सभा स्थल पहुंचे। जहां स्वागत की औपचारिकता के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने स्वागत उद्बोधन दिया और पार्टी प्रत्याशी प्रियंका मीना ने मतदाताओं से आतंक राज की मुक्ति के लिए अधिकाधिक साथ देने का आव्हान किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोधा-लोधी समाज से स्वयं को रेखांकित करते हुए कहा कि हम कहां पिछड़े हैं। हमें एकजुट होकर विकास के लिए सहभागी बनना होगा। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के फिर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होने को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने देश का मान-सम्मान विश्वभर में बढ़ाया है।*

*केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने सीएम शिवराज सिंह चौहान की यह कहते हुए प्रशंसा की कि उन्होंने मप्र की काया पलट कर रख दी है। यदि उनकी योजनाओं का जिक्र करूंगा तो मुझे पूरा एक दिन लग जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार एक नहीं तीन-तीन दीवाली मनेगी। पहली दीवाली आगामी 12 नवंबर को परंपरानुसार मनेगी।*

*इसके बाद दूसरी दीवाली मन में फिर से भाजपा सरकार बनने पर आगामी दिसंबर माह में बनेगी और फिर 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर भी देशभर में दीवाली मनेगी। उन्होंने चांचौड़ा क्षेत्र में चले आ रहे आतंक को रेखांकित करते हुए भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना के पक्ष में अधिकाधिक मतदान कर उन्हें जिताने और क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने का आव्हान किया। इस दौरान अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।*

## ईंटखेड़ी हुए अंधेकत्ल का खुलासा

# पत्नी ने प्रेमी के साथ रची थी साजिश, 4 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी थाना इलाके में शराब दुकान के पीछे की गई युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसके तहत युवक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने की साजिश रची थी। प्रेमी ने दो दोस्तों को युवक की हत्या की सुपारी दी थी। उन्होंने युवक को पार्टी के लिए बुलाया और शराब पिलाकर उसके सीने में चाकू घोंप दिया। साथ ही सिर पर पत्थर और कांच की बोतल से वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने महिला सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।



एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि अमर यादव पुत्र बैनी प्रसाद यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ज्ञान गंगा स्कूल के पास करोंद मिस्त्री का काम करता था। अमर का शव शनिवार सुबह ईंटखेड़ी इलाके में भैरोपुरा रोड पर शराब के दुकान के नजदीक खाली मैदान पर पड़ा मिला था। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सरीता यादव, उसके प्रेमी नरेश सिलावट पुत्र धन्नालाल सिलावट के साथ रोहित वंशकार, धनराज लोधी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में नरेश सिलावट ने पुलिस को बताया कि उसने अमर की पत्नी और अपनी प्रेमिका सरिता के कहने पर अमर की हत्या के लिए दो दोस्तों अमर के पड़ोस में रहने वाले 23 वर्षीय रोहित वंशकार उर्फ पप्पा और हथाई खेड़ा निवासी धनराज लोधी को 25-25 हजार रुपयों का लालच देकर राजी कर लिया। इसके बाद धनराज ने शुक्रवार रात अमर को फोन कर शराब पार्टी के लिए ईटखेड़ी इलाके में बुलाया। यहां भैरोपुर रोड स्थित शराब दुकान के करीब खाली मैदान में अमर को शराब पिलाने के बाद उसके सीने में चाकू घोंप दिया। साथ ही सिर पर पत्थर और कांच की बोतल से ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद वहां से फरार हो गए थे।

### 3 साल पहले हुई थी शादी

एसपी ने बताया कि अमर यादव की शादी तीन साल पहले सरीता यादव से हुई थी। शादी से पहले ही सरीता का प्रेम प्रसंग नरेश सिलावट से था। लेकिन शादी के बाद भी दोनों का मिलना-जुलना बना रहा। सरीता ने प्रेमी के साथ रहने पति की हत्या साजिश रची।

### प्रेमी से घंटों बात करती थी

एसपी ने बताया कि हत्याकांड के बाद पूछताछ करने पर मृतक की पत्नी सरिता ने बताया कि अमर शुक्रवार रात नौ बजे घर से निकले थे, उसके बाद घर नहीं लौटे। लेकिन पति की मौत के बाद भी सरिता के चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। इस पर पुलिस ने जब सरिता के मोबाइल फोन की जानकारी खंगाली तो सरीता की नरेश से घंटों बातचीत के प्रमाण मिले। इस पर पुलिस ने सरिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने पूरी वारदात के बारे में जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर नरेश को हिरासत में लिया और फिर नरेश के बताए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# दो पहिया वाहन रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदाता जागरूकता का संदेश देने दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। इनमें करीब एक हजार दो पहिया वाहन शामिल हुए।

अटल पथ से आयोजित रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप ऋतु राज सिंह,जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार सहित उपस्थित रहे। यह रैली अटल पथ प्लेटिनम प्लाजा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मर्गों से होते हुए भारत माता चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में शहर के विभिन्न शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं एवं स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जो हाथों में मतदान करने की अपील की तख्तियां लिए हुए थे।

शासकीय अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास पंचशील परिसर की छात्राओं ने रैली निकालकर आस-पास की बस्तियों में मतदान के लिए जागरूक किया। रैली में मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान करने के लिए संवाद एवं उन्हें जागरूक किया गया।

# बीफार्मा छात्रा को कचरा निकालते समय लगा लगा था करंट, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** पिपलानी थाना क्षेत्र में रहने वाली बीफार्मा की छात्रा की एम्स में इलाज के मौत हो गई। वह 17 अक्टूबर की शाम अपने घर की खिड़की के छज्जे पर जमा कचरे को लोहे की राड से निकालने की कोशिश कर रही थी, तभी पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से उसे करंट लग गया था।

पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक मूलत- रीवा की रहने वाली 20 वर्षीय मनीषा पटेल राजीव गांधी नगर में किराए के मकान में कुछ छात्राओं के साथ रहती थी। वह बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। 17 अक्टूबर की शाम को वह छत पर खड़े होकर घर की खिड़की पर इकट्ठे हुए कचरे को साफ कर रही थी। इसके लिए उसने हाथ में लोहे की लंबी राड ले रखी थी। चूंकि मकान की छत से कुछ दूरी पर ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। कचरा साफ करने के दौरान अचानक लोहे की छड़ लाइन से टकरा गई और मनीषा को करंट लग गया था। उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मर्ग दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तलाक के मामला से दुखी युवक ने लगाई फांसी

सूखी सेवनिया थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने आम के पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। उसके पास से कोई पत्र नहीं मिला है। ऐसे में खुदकुशी की सही वजह पता नहीं चल सकी है। लेकिन शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया है। इससे वह तनाव में था। सूखी सेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय राजेंद्र पुत्र कुंजीलाल चौधरी स्वास्तिक सिटी में रहता था। उसे शराब पीने की लत थी। इस वजह से उसका पत्नी से आए दिन विवाद होता रहता था। परेशान होने पर उसकी पत्नी ने अदालत में तलाक का मामला लगाया था। उसके बाद से राजेंद्र काफी परेशान रहने लगा था। साथ ही अदालत में काफी रुपये खर्च होने से वह आर्थिक तंगी का भी सामना कर रहा था। इसके चलते उसने वसीम मियां के खेत में आम के पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए प्रयास होंगे

भोपाल, देशबन्धु। संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने बताया है कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ मिलकर सभी उपाय किए जायेंगे । उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। श्री बिलैया ने बताया कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर संभाग की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो। गोबर और गोमूत्र का उपयोग हो और किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद मिल सके।

# मोबाइल टावरो से नेटवर्क कार्ड चोरी कर कबाडियों को बेंचने वाले

## चोरी करने वाले जियो कंपनी के पूर्व कर्मचारी

भोपाल, देशबन्धु। जियो कंपनी के पूर्व कर्मचारी राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों से कंपनी 5 जी नेटवर्क के मोबाइल टावरों से साढ़े तीन लाख कीमत के नेटवर्क कार्ड को चोरी कर उसे कबाडियों को महज 12 हजार रुपये में बेच रहे थे। क्राइम ब्रांच पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपियों के साथ कार्ड खरीददार कबाड़ियों को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों के पास से दस नेटवर्क कार्ड और एक कार सहित करीब 35 लाख का माल बरामद किया गया है।

पुलिस उपायुक्त् श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मुताबिक क्राइम ब्रांच पुलिस ने नबीबाग बैरसिया रोड से मधुसूदनगढ़ जिला गुना निवासी 24 वर्षीय राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया गया। वह पहले जियो के रिलायंस टावर में काम करता था। उसके पास से पुलिस को दो बाक्स मिले। उस तकनीकी विशेषऊों से जांच कराई तो वह जियो टावर से चोरी गई, 5 जी के बीबीयू नेटवर्क कार्ड थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह बाक्स अपने साथी संजू अहिरवार ,महेन्द्र जोगी, सोनू चिडार, राहुल सौंधिया निवासी मधुसूदनगढ के साथ मिलकर चोरी किए थे। यह सभी जियो कंपनी के पूर्व कर्मचारी थे, जिनको नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद बाद में वह बैरसिया, रायसेन, भोपाल, देवास, इंदौर और मंडीदीप में लगे मोबाइल टावरों में चोरी करने लगे थे। इस पर पुलिस ने 26 वर्षीय संजू अहिरवार और 27 वर्षीय सोनू चिडार को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने कहा कि वह टाचर में लगे करीब 14 बैस बैंकड यूनिट कार्डस चोरी कर चुके है और साढ़े तीन लाख कीमत के इन कार्डस को 12 हजार रुपये में करोंद के रहने वाले जावेद कबाड़ी को बेच दिया करते थे। इसके लिए वह अपने मामा श्याम बाबू की कार का उपयोग करते थे। आरोपियों की जानकारी के बाद पुलिस ने जेल रोड रूसल्ली करोंद निशातपुरा निवासी कबाड़ी 35 वर्षीय जावेद खान, जीटी रोड थाना दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर यूपी 45 वर्षीय रईस कबाड़ी उर्फ रईसउद्दीन को पकड़ा, जो लक्ष्मी टाकीज के पास आकर रूकता था। उसने बताया कि वह इन कार्ड को दिल्ली के सीलमपुरा कबाड़ा मार्केट में ठिकाने लगा दिया करता था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अभी तक दस कार्ड बरामद कर लिए हैं। इसके साथ ही इनके साथी महेंद्र जोगी और राहुंल सौंधिया नाम की तलाश की जा रही है।

# मार्डन पेंटाथलान, मलखंब, वेटलिफ्टिंग और पेंचक सिलाट में मप्र ने जीते पदक

**भोपाल, देशबन्धु।** गोवा में आयोजित हो रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में मप्र के खिलाड़यो का शानदार प्रदर्शन जारी है। मार्डन पेंटाथलान के ट्रिएथले व बैथले इवेंट में सात रजत व तीन कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। मलखंब में भी दस पदक जीते, वहीं वेटलिफ्टिंग और पेंचक सिलाट में हमारे खलिाडयिों ने पदकीय सफलता प्राप्त की। मप्र अब तक तीन स्वर्ण, 18 रजत व 10 कांस्य सहित कुल 31 पदक जीत चुका है।




पेंटाथलान के ट्रिएथले व्यक्तिगत में आध्या सिंह ने रजत पदक जीता। ट्रिएथले महिला टीम इवेंट में आध्या सिंह, रमा सोनकर व दीक्षा सिलावट ने रजत पदक जीता। ट्रिएथले पुरुष टीम इवेंट में अभिषेक, यश व अर्जुन की तिकड़ी ने रजत पदक जीता। ट्रिएथले मिक्सड रिले में आध्या और अभिषेक ने रजत पदक जीता। महिला बैथले टीम इवेंट में रमा सोनकर, विधि बोंडे व लावण्या चंद्रायान ने रजत पदक जीता। बालक बैथले टीम इवेंट में अंकुर, यश व अभिषे ने रजत पदक जीता। बैथले मिक्सड टीम रिले में अंकुर व रमा ने कांस्य पदक पाया। ट्रिएथले पुरुष व्यक्तिगतम में यश बाथरे ने कांस्य पदक जीता। बैथले व्यक्तिगत महिला में रमा सोनकर तथा पुरष वग में अभिषेक ने कांस्य पदक जीता।

मलखंब की टीम चैंपियनशिप महिला पोल व रोप में रजत पदक जीता, इस टीम में सिद्धि गुप्ता, अनुष्का नायक, पायल, अंजली यादव, चंद्रिका व सोनू ने रजत पदक जीते। टीम चैंपियनशिप ओपन पुरुष पोल, हैंगिंग, रोप में रजत पदक जीता। टीम में चंद्रशेखर चौहान, प्रणीत यादव, पंकज, रजीव पंवार, कुंदन कच्छवा व यतीन कोरी शामिल थे। सिद्धि गुप्ता ने व्यक्तिगत में रजत व चंद्रिका ने कांस्य पदक जीता। पोल रोप में पंकज नक रजत, पोल महिला में अनुष्का यादव, रोप में अंजली यादव, पोल पुरुष में यतिन कोरी, हैंगिंग और रोव में पंकज गर्गामा ने एक रजत व एक कांस्य जीता। वेटलिफ्टिंग के स्नैच एंड क्लीन जर्क में में अशोक व पेंचक सिलाट के टेंडिंग फाइट में प्रांजल ने कांस्य पदक जीते।

# करुणाधाम आश्रम में 101 जोड़े करेंगे सामूहिक करवाचौथ पूजन

## आतिशबाजी और सेल्फी प्वाइंट होगा आकर्षण का केन्द्र

**भोपाल, देशबन्धु।** करवाचौथ के मौके पर 1 नवम्बर इस बार नेहरू नगर करुणाधाम आश्रम में गुरु सुदेश शांडिल्य के सानिध्य में 101 जोड़ो के साथ सामूहिक करवा चौथ पूजन का आयोजन किया जाएगा। सहज समाधान शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और सदस्य सुनील भार्गव ने बताया कि निर्जला करवाचौथ का पूजन पंडित विष्णु राजौरिया कराएंगे। करवाचौथ पूजन से पहले नीलेश आचार्य, सुनील श्रीवास्तव तलैया की सुंदरकांड मंडली भजन प्रस्तुत करेगी। इसके बाद करवाचौथ पूजन का आयोजन प्रारंभ होगा। सभी व्रतधारी महिलाओं के लिए पूजन थाली की व्यवस्था मंदिर समिति ही करेगी। महिलाओं को अपने घर से छलनी और करवा के अलावा कुछ नहीं लाना होगा। पंडाल स्थल पर 20 से 25 वालंटियर मौजूद रहेंगे, जो कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था संभालेंगे। पूजन के बाद भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम भी रखा गया है । कार्यक्रम स्थल पर फूलों की रंगोली और सेल्फी पाइंट भी बनाया जायेगा, जहां दंपति अपनी सेल्फी ले सकते हैं।

## जैन पाठशाला के बच्चों ने किया सामूहिक पूजन



**भोपाल, देशबन्धु।** आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार सुबह पिपलानी जैन मंदिर में सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। पूजन में विद्यासागर अवधपुरी और सोनागिरी पाठशाला के बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यासागर मांडना मण्डल ने जिनालय में अभिषेक, शान्तिधारा और नित्य पूजन का आयोजन किया। जिसमें जैन पाठशाला के बच्चों ने सामूहिक पूजन किया। इस अवसर पर आचार्य श्री की तस्वीर का संगीतमय पूजन औऱ 77 दीपों से महाआरती भी की गई। इस अवसर पर प्रदीप हरसोला, मंजू हरसोला, अभय जैन, राजू गोयल, ऋषभ जैन, पंकज जैन, प्रतीक लहरी, आदित्य जैन, मयंक जैन, अमित जैन, ज्योति जैन, प्रियंका लहरी, सीमा राजेश जैन समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

# टीम प्रबंधन से लक्ष्य की सहज प्राप्ति संभवः डॉ. गौर

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ( बीएमए ) एवम आईएसटीडी द्वारा व्यख्यानमाला श्रृंखला के अन्तर्गत विद्या भवन सभागार में डॉ. मनोज गौर ने टीम प्रबंधन के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति टीम प्रबंधन, समन्वय एवम सहयोग से सहज की जा सकती है।




डॉ. गौर ने कई उदहारण देकर कहा कि लक्ष्य के लिए योजना का आधार स्पष्ट एवम प्रभावी होना चाहिए चुनौती हो तो लक्ष्य पर पहुंचने का आनंद ही अलग होता है। स्वस्थ मस्तिष्क से योजना बने तो सफलता मिलती है। नेतृत्व प्रभावी हो तो लक्ष्य की सफलता निश्चित होती है। आज हमे तकनीक का सदुपयोग करना है, दुरुपयोग नही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमए के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने की। उन्होंने विषय प्रवर्तन कर स्वागत भाषण दिया और बीएमए की गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ मनोज गौर को स्मृति चिन्ह जीके छिब्बर ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जोशी ने एवम आभार प्रदर्शन आईएसटीडी के चेयरमैन आरजी दिवेदी ने किया। कार्यक्रम मे पुर्व अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला, प्रदीप करमवेलकर, राजीव अग्रवाल, अजय वर्मा, जीसी चौकसे, डॉ निष्ठा त्यागी, डॉ रूपाली बजाज, डॉ एसएस भाखर, बीएमए मैनेजर अमीर ख़ान एवम एलएनसीटी स्टूडेंट चैप्टर के छात्र भी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब के दशहरा मिलन समारोह में गरबा प्रतियोगिता आयोजित

**भोपाल, देशबन्धु।** लॉयन्स क्लब भोपाल ने एमपी नगर स्थित रेस्टोरेंट में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया। जहां गरबा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। रंग बिरंगे परिधानों में पहुंची महिलाओं ने यहां गरबा खेला, जिसके लिए क्लब ने पुरस्कृत भी किया इस प्रतियोगिता में क्लब के महिला औऱ पुरुष सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें लायन बीनू गर्ग और लायन निमिषा कुलश्रेष्ठ ने पंखिरा गीत पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। लायन सुशील कुमार गुप्ता को बेस्ट ड्रेस मेल, रुपक राव को बेस्ट ड्रेस फीमेल, आशा राव को पंक्चुअलिटी के लिए , बीनू गर्ग को बेस्ट डांस,रेखा सक्सेना बेस्ट सीनियर डांसर सहित बेस्ट कपल के लिए गौरव कुलश्रेष्ठ औऱ निमिषा कुलश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया गया।



# लायंस क्लब संस्कार की चेयर पर्सन का अधिकारिक दौरा संपन



**भोपाल, देशबन्धु।** लायंस क्लब भोपाल संस्कार की जोन चेयर पर्सन नीलू सूरी का अधिकारिक भोपाल दौरा संपन्न हुआ। इस अवसर पर समीक्षा बैठक के दौरान नीलू सूरी को क्लब पदाधिकारियों ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में अध्यक्ष लायन डॉ मुकेश लाल ने लायंस क्लब इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट ,रीजन एवं जोन द्वारा निर्देशित सभी सेवा गतिविधियों को समय अनुसार पूर्ण करने की जानकारी दी। सचिव लायन सुशील गुप्ता ने बताया कि विगत चार महीने में हमारे क्लब ने पौधारोपण, भोजन वितरण, वस्त्र वितरण, वृद्ध आश्रम में सहायता, डायबिटीज चेकअप कैंप के साथ ही स्थाई गतिविधि के अंतर्गत पंडित खुशी लाल आयुर्वैदिक हॉस्पिटल में नियमित रूप से खिचड़ी वितरण का कार्य किया जाता रहा है। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पीस पोस्टर लायन बीनू गर्ग ने बताया कि आगामी 7 नवंबर को पूरे डिस्ट्रिक्ट में एक ही दिन एक ही समय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करके विश्व रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। वहीं अपनी आधिकारिक यात्रा पर संबोधित करते हुए लायन नीलू सूरी ने लायंस क्लब भोपाल संस्कार की सेवा गतिविधियों की प्रशंसा की, साथ ही भविष्य में और अधिक अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी ओर से लायन सभी को प्रेरक पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर लायंस क्लब भोपाल संस्कार में दो नए सदस्य लायन भास्कर सिंह एवं लायन उदय चौरसिया की शपथ ग्रहण लायन सुयश कुलश्रेष्ठ द्वारा कराई गई । इस कार्यक्रम में लायन रूपक राव, लायन हरीश गहलोत, लायन इंद्रजीत सिंह, लायन सतीश शर्मा जोन चेयरपर्सन तथा लायन अमन सिद्दीकी लायन मीना सिद्दीकी सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 30 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## 70 घंटे काम की निष्ठुर सलाह

प्रसिद्ध आईटी कम्पनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति भारत के सफलतम व्यवसायियों में से एक है जिन्हें ऐसा स्वप्नदृष्टा और महत्वाकांक्षी कारोबारी कहा जाता है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी और इन्फोसिस की कामयाबी की कथाएं आधुनिक प्रबन्धन के पाठों के रूप में दर्ज हैं। वैसे तो उन्हें एक उदार मालिक के रूप में समझा जाता था लेकिन उन्होंने यह कहकर अपना और समस्त भारतीय उद्योग जगत का क्रूर व शोषक चेहरा सामने ला दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है।

नारायण मूर्ति की यह सलाह इसलिये हैरान कर देने वाली है क्योंकि वह आधुनिक कार्य संस्कृति के विरूद्ध है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतम काम लेना मध्ययुगीन सोच है। पहले जब श्रम कानून नहीं बने थे और कामगारों के अधिकारों की सोच विकसित नहीं हुई थी, अधिकतम उत्पादन लेने के लिये उनसे कसकर काम लिया जाता था। वे लगभग गुलामी के हालात थे। जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करते हैं। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है।

इसके विपरीत भारत समेत तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी के ज्यादातर देशों के औद्योगिक एवं कारोबारी प्रतिष्ठान कर्मचारियों से निष्ठुरतापूर्वक काम लेते हैं। उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। अन्य सुविधाएं भी न्यूनतम हैं। संगठित क्षेत्र में तो फिर भी उन्हें ठीक-ठाक तनख्वाह एवं अन्य सुविधाएं मिलती हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन का एक तरह से कोई माई-बाप ही नहीं है। फिर, ठेका कम्पनियों में और भी बुरा हाल होता है। गिनती के उद्योग-धंधों में श्रमिकों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। उन्हें बहुत कम वेतन में और कानूनी रूप से तयशुदा काम के घंटों से अधिक समयावधि तक काम करना होता है।

नारायण मूर्ति की सलाह एक ऐसे व्यक्ति के विचार हैं जो खुद के तथा अपने वर्ग के लोगों के लिये लाभ के नये तरीके ढूंढ़ रहा है। वह भी कम खर्च में। उनकी सलाह अगर मान ली जाये तो साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर छह दिन हर कर्मचारी-मजदूर को करीब 12 (11.66) घंटे काम करना होगा। भारत के निजी क्षेत्र में अमूमन 6 दिन का ही कार्य-सप्ताह होता है। कहीं-कहीं ही 5 दिन का है। सम्भवत: नारायण मूर्ति को यह गलतफहमी है कि भारत के हर व्यक्ति के पास उनकी तरह नौकर-चाकरों की फौज है। ज्यादातर बड़े शहरों में, खासकर जहां बड़े आईटी हब हैं, काम की जगह तक आने-जाने के लिये औसतन तीन-चार घंटे लग जाते हैं। ये केन्द्र बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुड़गांव आदि शहरों में हैं जहां अधिकतर कर्मचारी 25-50 किलोमीटर की यात्रा कर काम के स्थान पर पहुंचता है और उन्हें घरों को लौटने में उतना ही समय लगता है। कोई भी सहज ही यह हिसाब लगा सकता है कि 11-12 घंटे काम करने के लिये कर्मचारियों को कितने बजे सुबह घर से निकलना होगा और वे कितने बजे काम खत्म कर अपने घरों को पहुंचेंगे। क्या इसके बाद उनके पास अपने परिवारजनों के लिये कोई समय बच पायेगा? इंसान के पास उसके सैकड़ों तरह के निजी काम होते हैं। अगर उनके घरों में निजी कामों को निपटाने के लिये और कोई नहीं है तो वे ये काम कैसे कर सकेंगे? मां-बाप की देखरेख से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सम्बन्धी काम भी उनकी जिम्मेदारियों के हिस्से हैं।

फिर, नारायण मूर्ति ने इस सलाह को राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने 70 घंटे काम करना चीन से मुकाबला करने के लिये ज़रूरी बताया है। लोगों को उकसाकर उनसे अधिक काम लेने का प्रयास उद्योगों एवं व्यवसायों के लिये कम पैसों में अधिक काम के घंटे निर्मित करना है। भला देश की आम जनता को चीन से स्पर्धा किसलिये करनी है? इससे उसे क्या लाभ होगा, यह समझ से परे है। दरअसल नारायण मूर्ति भारत के क्रूर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि की भाषा बोल रहे हैं जिनका जनकल्याण से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिका में व्यवसाय जगत अपने लाभ का करीब 9 फीसदी लोककल्याण (सीएसआर) के लिये खर्च करता है, जबकि भारत में यह केवल 4 प्रतिशत है। नारायण मूर्ति उन्हीं के नुमाइंदे हैं।

# प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक

हिन्दी बेल्ट जहां की जीत हार ही 2004 के लोकसभा चुनाव का माहौल बनाएगी वहां सबसे पहले छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण का। वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मतदान के ठीक पहले एक बड़ा जायज सवाल उठाया है। नोटा को खत्म करने का।

बहुत सही मांग है। हालांकि ठीक मतदान से पहले इसे उठाने से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। यह सरकार में रहते हुए, केन्द्र सरकार में खत्म करने का काम है। मगर विडंबना यह है कि इसे लाया ही यूपीए सरकार के द्वारा था। और यह भी मजेदार है कि सबसे पहले इसे लागू भी छत्तीसगढ़ में किया गया था। 2009 में।

दरअसल भारत के अधिकांश चुनाव सुधार अति आदर्शात्मक और अव्यवहारिक सोच के शिकार रहे। सबसे पहले शेषन ने बिना यह सोचे कि भारत में लोकतंत्र गरीबों का है वाल राइटिंग (दीवारों पर लिखने) झंडे बैनर, नारों, जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने, नियंत्रित करने का काम किया। जाहिर है कि वह उस समय की सरकार, जो नरसिम्हा राव की थी, के बिना अनुमोदन के नहीं हुए। उनके अच्छे पक्ष भी हैं। मगर गरीबों के चुनाव लड़ने के जो मुख्य साधन होते थे दीवारों पर खुद रात-रात भर लिखना। छोटे-छोटे झंडे बैनर लगा देना वह सब बंद हो गया।

चुनावों का वह सबसे खूबसूरत पहलू था। आज भाजपा के पास बहुत पैसा साधन हैं। मगर पहले उसके उम्मीदवार भी प्रचार के परंपरागत साधनों दीवारों पर लिखने झंडा बैनर लगाने पर निर्भर थे। ऐसे ही लेफ्ट पार्टियां। उनके पास और कम साधन हुआ करते थे। मगर शहर गांव की दीवारें रंगते हुए वे लड़ते और जीतते भी थे। आज भी पुराने मोहल्लों में दूरदराज के गांवों के खंडहरों की दीवारों पर पुराने नारे, चुनाव चिन्ह और प्रत्याशियों के नाम लिखे दिख जाएंगे।

आज तो चुनाव मीडिया लड़ाता है। और वह केवल एक पार्टी के साथ है। बाकी दलों और प्रत्याशियों के पास क्या है? कैसे प्रचार करें वे अपना?

चुनाव सुधार के नाम पर दूसरा बड़ा काम ईवीएम लाना हुआ। यह 2004 से पूरी तरह शुरु हुआ। इसका भी अब कांग्रेस खुल कर विरोध कर रही है। मगर लाने वाली वही थी। दुनिया के विकसित देशों में इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी जैसे प्रमुख देशों में। भारत के अलावा मशीन पर मतदान केवल 2 -4 छोटे देशों में ही हो रहा है।

बिना सोचे समझे इस तरह के प्रयोग भाजपा नहीं करती है। वह इलेक्टोरल बांड लाती है। जिसका फायदा उसे ही होता है। जबकि कांग्रेस के लाए नोटा, ईवीएम, आरटीआई, अपने अग्रिम संगठनों यूथ कांग्रेस एनएसयूआई में आन्तरिक चुनाव, अभी विधानसभा चुनावों के टिकट सर्वे के आधार पर देना विवादों में आ जाते हैं। और खुद उसके लिए लाभदायक नहीं होते।

पहले समाज को नए विचारों के लिए ढालने की प्रक्रिया शुरू करना पड़ती है। जनता के थोड़ा तैयार होने और अनुकूल व्यवस्था बनने के बाद लाया कोई जनहितकारी कानून ही उपयोगी हो पाता है। केवल किताबी सिद्धांत से लाया कानून नहीं। आरटीआई यूपीए लाई और यूपीए के खिलाफ ही इसका खूब उपयोग हुआ। कई आरटीआई एक्टिविस्ट बन गए। देश में और बाहर खूब प्रचार ले लिया। पुरस्कार और अन्य लाभ भी। मगर 2014 के बाद आरटीआई और आरटीआई एक्टिविस्ट कहां हैं? सरकार के खिलाफ तो कोई पूछ नहीं सकता। और पूछता है तो जवाब आता नहीं है। पीछे से कोई धमकी या चेतावनी जरूर आ जाती है। बड़े आन्दोलनजीवी, क्रान्तिकारी बन रहे हैं!

इसी तरह एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस का संगठन चुनाव के जरिए करवाने का राहुल गांधी का फैसला है। वे जब 2007 में कांग्रेस महासचिव बने और इन अग्रिम संगठनों का प्रभार मिला तब से उन्होंने इन दोनों संगठनों के आन्तरिक चुनाव करवाना शुरू किए। इसमें भी समस्या यह है कि जो ताकतवर पृष्ठभूमि से आए हुए लड़के या लड़कियां हैं उन्हें इसका और ज्यादा फायदा मिला। गरीब का कमजोर पृष्ठभूमि से आया लड़का या लड़की आन्तरिक चुनाव कैसे लड़ेगा? लड़ ही नहीं पाता है।

कालेज यूनिवर्सिटी में जाते ही खासतौर से एडमिशन के समय जुलाई-अगस्त में लड़के -लड़कियों की भीड़ में नेतृत्व क्षमता रखने वाले अलग ही नजर आ जाते हैं। ऐसे ही किसी भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले युवाओं में से युवा नेतृत्व अलग ही दिखने लगता है। राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए थे। इन्दिरा गांधी एक नजर में प्रतिभाशाली लोगों को पहचान जाती थीं। भाजपा में आडवानी बहुत पारखी थे। सबसे ज्यादा नेता उन्होंने बनाए हैं। यह अलग बात है कि आज के उनके शिष्य ने उनका ही अंगूठा मांग लिया! गुरु आडवानी को उनके प्रतिद्वन्दी वाजपेयी इतना नुकसान नहीं पहुंचा पाए जितना शिष्य ने पहुंचा दिया। 2014 में वाजपेयी स्वस्थ और प्रभावी होते तो आडवनी को राष्ट्रपति तो जरूर बनवाते। मगर मोदीजी ने उन्हें उपराष्ट्रपति भी नहीं बनाया। 2017 में आडवानी को उम्मीद थी कि उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में राष्ट्रपति नहीं तो उपराष्ट्रपति तो जरूर बना दिया जाएगा। मगर 2019 में उनको लोकसभा का टिकट भी नहीं दिया गया। खैर यह अलग मुद्दा है। मगर नेता बनाने में जिन लोगों का नाम सबसे ऊपर आएगा उनमें इन्दिरा गांधी और लालकृष्ण आडवानी हैं। दोनों प्रतिभाओं को पहचानने वाले, तराशने वाले और मौका देने वाले नेता निर्माता रहे। आज कोई किसी को नहीं बनाता है। तो बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था। और सही में बहुत मेहनत करने वाले जनता के काम करवाने वाले कमजोर, आर्थिक स्थिति के उम्मीदवार के लिए वह गोपनीय ही रहा। सर्वे टीम कब आई चली गई उसे पता ही नहीं चला। मगर हर बार टिकट लेने में सफल होने वालों ने उन्हें सेटल भी कर लिया।



शकील अख्तर

**बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था।**

समस्या यह है कि आज नेता कार्यकर्ताओं से ही नहीं मिलते हैं तो जनता के बीच तो संपर्क होने का तो सवाल ही नहीं है। पहले पत्रकारों के भी जनता से सीधा संपर्क होता था। नेता उनसे भी फीडबैक ले लेते थे। मगर आज पत्रकार जो बताया जाता है लिख देते हैं। जनता के बीच जाते ही नहीं हैं। पहले नेता हर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, जनता के तमाम लोगों और वहां के काम करने वाले नेताओं को अच्छी तरह जानता था। मगर अब संपर्क संबंध की राजनीति खत्म हो रही है। और जाहिर है इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। क्योंकि भाजपा में तो आरएसएस के माध्यम से एक पुल है। जो नेता कार्यकर्ता और जनता को जोड़ता है। मगर कांग्रेस में बहुत गैप पैदा हो गया है।

राहुल प्रियंका ने कार्यकर्ताओं से मिलने का सिस्टम नहीं बनाया। फिर जनता से तो सवाल ही नहीं। यह जनसभाओं में जाना या यात्रा से वह भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास नहीं आता जो कार्यकर्ता या जनता के नेता से उसके आफिस या घर पर मिलने से आता है। खरगे जी को भी एक साल हो गया। मगर मुलाकातों का सिलसिला उन्होंने भी शुरू नहीं किया।

कांग्रेस ने एक काम और किया कि अपने मुख्यालय से अलग एक वार रूम बना लिया। सब गतिविधियां वहीं होने लगीं। मगर वहां कार्यकर्ता, जनता, पत्रकार का प्रवेश वर्जित है। इससे 24 अकबर रोड के मुख्यालय का महत्व खत्म हो गया। यह ऐतिहासिक जगह है जहां इन्दिरा गांधी को 1977 में हारने के बाद कांग्रेस का आफिस लेकर आना पड़ा था। और फिर यहीं से उन्होंने ग्रेट वापसी की थी।


**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक दल एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस नेताओं को रावण कहती है, कांग्रेस भी उसी तरह भुगतान करती है। स्थानीय स्तर पर स्थिति सबसे खराब है।

इस बीच भाजपा के प्रचार को कुछ कमजोर पाते हुए आरएसएस ने भाजपा के लिए दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों की कमान अपने हाथ में ले ली है और अपने सारे संसाधन वहां झोंक दिये हैं। आरएसएस के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, आरएसएस जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करेगा।

इन सीटों पर आरएसएस से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। यही कारण है कि आरएसएस के सदस्य सक्रिय हो गये हैं। आरएसएस भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में भगवानदास सबनानी, भोपाल मध्य में ध्रुवनारायण सिंह, बेरेसिया में विष्णु खत्री और भोपाल उत्तर में आलोक शर्मा के लिए काम कर रहे हैं।



एल एस हरदेनिया

**संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं। इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।**

इनके अलावा मधु वर्मा (राऊ), उषा ठाकुर (महू), हेमंत खंडेलवाल (बैतूल), प्रेमशंकर वर्मा (सिवनी मालवा), चिंतामणि मालवीय (आलोट), मोहन शर्मा (नरसिंहगढ़), अरविंद पटेरिया (राजनगर), राकेश सिंह (जबलपुर पश्चिम), गणेश सिंह (सतना), श्याम व्रदे (पानसेमल), शैलेन्द्र जैन (सागर), योगेश पंडाग्रे (आमला), मोहन यादव (उज्जैन दक्षिण), लाल सिंह आर्य (गोहद), विजय आनंदरावी ( बिछिया), राजकुमार कर्रये (लांजी), प्रकाश उइके (पांडुर्णा) और देवेन्द्र जैन (शिवपुरी) के लिए भी वे काम कर रहे हैं।

हालांकि आरएसएस और उसके संगठन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के लिए काम करते हैं, लेकिन वे हर चुनाव में सीधे कुछ सीटों की कमान अपने हाथ में ले लेते हैं। पिछले चुनाव में भी आरएसएस ने सीधे तौर पर महू और अन्य सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम किया था। इसलिए, संगठन ने वही कवायद शुरू कर दी है, लेकिन वह आगामी चुनाव पर पहले की तुलना में अधिक ध्यान दे रहा है।

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं।

इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने इस संबंध में उज्जैन के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में आरएसएस और उसके फ्रंटल संगठनों के 150 से अधिक पदाधिकारियों की एक मैराथन बैठक बुलाई थी।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में किसी भी भाजपा नेता को आमंत्रित नहीं किया गया था और जब एक कैबिनेट मंत्री और उज्जैन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें विनम्रतापूर्वक वापस जाने के लिए कहा गया।

बैठक में, सोहनी ने कथित तौर पर उपस्थित लोगों से कहा कि उन्हें उन उम्मीदवारों के लिए काम करना चाहिए जो राष्ट्रवाद और हिंदू धर्म के समर्थक हैं और हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि चयनित भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बोलने के बजाय उन्हें ऐसे तरीके सुझाने चाहिए जिनसे वे भाजपा उम्मीदवारों के लिए सकारात्मक लहर पैदा कर सकें।

हालांकि बाद में, जब संघ परिवार के पदाधिकारी छोटे समूहों में मिले, तो उनमें से कई ने भाजपा द्वारा उज्जैन विभाग के तहत मैदान में उतारे गये एक कैबिनेट मंत्री, एक मौजूदा विधायक और एक पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत की, जिसमें उज्जैन और आगर-मालवा जिलों की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

हाल में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है। ऐसा ही एक घटनाक्रम उमा भारती का चुनाव प्रचार से दूर रहने का निर्णय है। उमा ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो रही हैं, जहां से वह ओरछा जाकर राम राजा सरकार के दर्शन करेंगी और फिर हिमालय के लिए रवाना होंगी।

उन्होंने आगे ट्वीट किया कि वह राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगी। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की भी आलोचना की। उमा के मुताबिक, धार के भोजशाला स्थित उनके निवास स्थान पर देवी सरस्वती की मूर्ति नहीं खरीदी जा सकी, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी के आश्वासन के बावजूद रायसेन में सोमेश्वर मंदिर और विदिशा में विजय मंदिर के दरवाजे नहीं खोले गये। उमा ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेंगी कि भाजपा सरकार ने लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए क्या किया है। उन्होंने गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नाखुशी जाहिर की। एक और आश्चर्य पेश किया भजापा के दिग्गज नेता गौरीशंकर बिसेन ने। उन्होंने अपने पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया, हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी को टिकट दिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि चूंकि उनकी बेटी मौसम की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने कवर के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने बालाघाट से उम्मीदवार बदला है, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने डमी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।'

## आज प्रकाश पर्व

# ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए

चौथे नानक गुरु रामदास जी आपका इस धरा पर आगमन 26 असोज संवत 1591 को चूना मंडी लाहौर में हुआ था। माता दया कौर और पिता श्री हरदास मल सोढ़ी के घर इनका जनम हुआ। आपके बचपन का नाम जेठा भाई था। बचपन में ही माता-पिता के देहांत के बाद आपका पालन पोषण बासर गांव में आपकी नानी के घर में हुआ। नानी आपको चने उबाल कर देतीं फेरी लगा कर बेचते इस तरह दोनों का उदर पोषण होता रहा। आप गुरु अमरदास के दरबार में कथा, कीर्तन श्रवण करते रहते। जब तीसरे नानक गुरु अमरदास गोइंदवाल साहिब में चले गए और वहां पर प्रचार के साथ साथ बावली साहिब का भी निर्माण कराने लगे। तब भाई जेठाजी भी गोइंदवाल साहिब निर्माण में सेवा करते। उनकी सेवा, नम्रता और हर प्रकार से योग्य समझकर गुरु अमरदासजी ने अपनी छोटी बेटी बीबी भाणी के साथ उनका विवाह कर दिया। एक दिन गुरु अमरदासजी स्नान कर रहे थे तब उनकी बेटी ने देखा कि जिस चौकी में उनके पिता बैठ कर स्नान कर रहे हैं उसका एक पाया हिल रहा था। अपने पिता के वृद्ध शरीर को तकलीफ न हो यह सोचकर अपना हाथ उस पाये के नीचे रख दिया। स्नान के बाद उनके पिता ने देखा बेटी भाणी के हाथ से खून निकल रहा है। चौकी को देखकर सारा माजरा समझ में आ गया। उन्होंने बेटी से वरदान मांगने कहा। तब बीबी भाणी जी ने कहा आप प्रसन्न हैं तो गुरु गद्दी घर में ही रहे। गुरुदेव ने कहा-ठीक है तब उन्होंने जेठा जी की कई प्रकार से परीक्षा लेकर अंत में उन्हें योग्य समझ कर इस संसार से विदा लेने से पहले चौथे नानक रामदासजी बना दिया। अमरदास जी चक का जो अब अमृतसर है अपने सिख धर्म का काफी प्रचार किया। गुरवाणी की रचना की जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है। गुरुदेव ने अहंकार को त्याग करने का ईश्वर की सेवा करने नेक कमाई कर दीनदुखियों की सेवा करने इत्यादि की शिक्षा दी। इस संसार से विदा ली।

गुरु रामदासजी अपने छोटे बेटे अर्जुन देव को गद्दी सौंपकर इस संसार से 46 वर्ष की आयु में विदा ली। आपकी रचित सारी वाणी में आज्ञा पालन समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से बिना सेवा भाव प्रभु सिमरन बंदगी इच्छापूर्वक सरब सुख दाता-हरि जाके बस है कामधेनु सो ऐसा।

हरि धिआइये मेरे जीओ।. तां सरब सुख पाबे।
जिनि ऐसा हरि नाम न सेवियो से काहे जग आए राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए।।
जिनके हिरदे नाम न बसिया तिन मात कीजै हरि बांझा।

लंगर प्रसादि के लिए दान देने हेतु प्रयास करने पर आपने बादशाह अकबर से कहा कि- लंगर एक व्यक्ति के दान से नहीं वरना समस्त साध संगत के तिल फुल मेहां से चलना चाहिए। भट कीरतजी ने आप के बारे में कुछ इस तरह लिखा है जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है।

हम अवगुण ऐक गुण नाहिं अमृत छांड़ि बिरवे बिख खांही।
माया मोह भरम बह भूले सुत दारा सिओं प्रीति लगाई।
इक अरदास भाट कीरत की गुरु रामदास राखहो सरणाई।

आपके द्वारा 678 शब्दों की रचना की गई है जो गुरु ग्रंथ साहिब में 30 रागों में दर्ज है। आज गुरुदेव के प्रकाश पर्व दिवस पर हम यह प्रण करें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवनयापन करेंगे तभी हमारा यह प्रकाश पर्व मनाना सार्थक समझा जाएगा।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# राजनैतिक चौपड़ पर बिछी गोटियां

राजस्थान में एक बार फिर प्रदेश में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस हर हाल में सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस ने अपवाद को छोड़कर पुराने चेहरों को ही तवज्जो दी है। कांग्रेस में जिनको टिकट नहीं मिला है उस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष चिंतातुर हैं। भाजपा दूसरे टर्म की जीत की आशा रखकर जीतने वाले घोड़े पर ही दांव लगाया है। राजस्थान में कांग्रेस हाईकमान ने तीन सूची जारी कर टिकट आवंटित किए है। अभी चौथी बार की सूची जारी नहीं हुई है। इस सूची में अनेक नामों के खुलने की आशा रखे हुए है। भाजपा ने सूची जारी कर दी है लेकिन इसके पलट राजस्थान में हर मोर्चे पर शिकस्त देने की गरज से उनके उम्मीदवारो की टक्कर में अपने प्रत्याशी इस तरह से तय किये है कि यदि सीट न निकले तो न सही पर विपक्ष को न मिले। राजस्थान में दोनों ही पार्टी की परंपरागत सीटे है। जहां से भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले कई बार से जीतते आ रहे हैं। सीटों को कब्जे में बरकरार रखने के लिए भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा आसानी से इन सीटों को कांग्रेस की झोली में जाते हुए नहीं देखना चाहती। लिहाजा, पहले से घोषित उम्मीदवारों को ऐन वक्त पर बदलकर क्षेत्रीय गणित के हिसाब से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया को टिकट आवंटन में लेटलतीफी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आलाकमान से अपील की है कि डॉ मांगीलाल गरासिया को टिकट दिया जाए। अगर उनको टिकट नहीं मिलता है तो मांगीलाल को निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा कर जीत दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और गोगुन्दा मंडल अध्यक्ष की सहमति आलाकमान के लिए सोचनीय विषय बन गया है। इस पर मंथन चल रहा है। इससे सीधा फायदा भाजपा को मिल रहा है। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में बाज नजर रखे हुए भाजपा नेताओं को फायदा होता दिख रहा है। राजस्थान में दलित आदिवासी को एक मंच पर लाकर राजनैतिक जमीन तलाश रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि दलित आदिवासी एक ताकत के रूप में जुड़ेंगे तभी उनका राज होगा। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर गरासिया समाज और भील समाज को साधने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने मिशन की शुरुआत कर दी है। दो टर्म से विधायक रहे प्रताप गमेती को इस बार उनको फिर से तीसरी टर्म के लिए टिकट दिया गया है। उनके कार्यकाल में विकास के कार्यो को सराहा गया। उदयपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोगुन्दा भाजपा का अब तक गढ़ बना हुआ है।

विधायक प्रताप गमेती को अपना हितैषी जताने की पुरजोर कोशिश की और लोगों के उत्थान की दिशा में किए गए अपने कार्यों की फेहरिस्त पेश की और सर्वे में प्रताप गमेती सबसे अग्रणी रहे। राजस्थान में राजनैतिक लाभ तलाशे जा रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा जीत का दावा कर रही है। राजस्थान में भाजपा वोटरों के दिमाग में यह बैठाने का प्रयास किया जा रहा है कि उनका आधार केवल राजस्थान तक ही नही है। देश में मजबूत सरकार के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। देश में भाईचारे की मिसाल दी जा रही है। जनता के हित में किए गए और लिए गए निर्णयों को गिनाया जा रहा है। कांग्रेस अपनी प्रारम्परिक जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव के रूप में देख रही है। प्रदेश में स्वतंत्र हैसियत बनाने के लिए दोनों दल सेंधमारी करता नजर आ रहा है। 25 नवम्बर को राजस्थान में चुनाव है। भाजपा और कांग्रेस चुनाव में कैसे प्रदर्शन कर पायेगी ? यह समय की बलिहारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त आज भरेंगे अपना नामांकन

**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज लटेरी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा सोमवार को अपना नामांकन जमा करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए स्थानीय बस स्टैंड पर एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वह तहसील कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी को पार्टी के अधिकृत बी फार्म के साथ अपना नामांकन जमा करेंगे। सोमवार को होने वाले जनसंपर्क आयोजन को विशाल रूप प्रदान करने के लिए विधानसभा के पांचों मंडलों के कार्यकर्ता तैयारियों में लगे रहे।

### अयोध्या बस्ती में महिला ने लगाई फांसी



**सिरोंज, देशबन्धु।** अयोध्या बस्ती में रविवार की दोपहर बाद एक 45 वर्षीय महिला ने फांसी लगा ली। मृत महिला का नाम आरती है। उसका पति परसु रोड किनारे छोटी सी दुकान चलाता है। उसके दो लड़के है जो 15 व 17 साल के बताए जा रहे है। घटना के समय महिला घर मे अकेली थी। शाम करीब 5 बजे सिरोंज पुलिस महिला का शव लेकर शासकीय अस्पताल में पहुंची और पीएम करवाया। घटना के कारणों का अभी पता नही चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पीले चावल देकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे विहिप कार्यकर्ता



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** आगामी कार्ययोजना को लेकर विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक सरस्वती शिशु मंदिर त्योंदा में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री मलखान सिंह राजपूत ने कहा कि 450 वर्षों का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला अपने गर्भगृह में विराजमान होने वाले हैं इस सुअवसर के हम सभी साक्षी बनने जा रहे हैं। इस निमित्त विहिप संगठन के कार्यकर्ता रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जनमानस को पीले चावल देकर भूमिपूजन कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगे तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस अवसर पर व्यवस्था भी संभालेंगे इसकी व्यापक तैयारी संगठन स्तर पर की जा रही है। इकाई स्तर तक बैठकों की योजना कर कार्य को विस्तार दिया जा रहा है। बैठक को प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पडिंत मुन्ना लाल शास्त्री प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल प्रांत टोली सदस्य समरसता डा. चंद्रशेखर शर्मा तथा जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने भी संबोधित किया।

रायसेन की सभा में बोले कमलनाथ

# भाजपा सरकार ने किसानों से किया छलावा





**रायसेन, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज रायसेन में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों से छलावा किया इसलिए अब इस सरकार को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान इस समय आर्थिक स्थिति से जूझ रहे हैं किसी प्रकार की मदद भाजपा सरकार ने नहीं की हमारी सरकार आएगी तो हम सबसे पहले किसानों का विशेष ध्यान रखेंगे धान की कीमत भी बड़ा कर देंगे और जो भी योजनाएं हैं उनका लाभ भी किसानों को दिलाने का काम करेंगे। इसके साथ ही सभा के दौरान कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बहुत अच्छे एक्टर हैं उन्हें राजनीति नहीं बल्कि मुंबई जाकर एक्टिंग का काम करना चाहिए, क्योंकि मंच पर वह अच्छी एक्टिंग करते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुखिया ने 3:30 लाख करोड़ का कर्ज ले रखा है पूरा प्रदेश और प्रदेश का हर व्यक्ति कर्ज में दबा हुआ है, मध्य प्रदेश में बेरोजगारों के लिए भाजपा सरकार ने कोई रोजगार नहीं दिया आज हजारों की संख्या में बेरोजगार इधर से उधर परेशान हो रहे हैं यहां तक की भाजपा की सरकार में जो बाहरी प्रदेशों के उद्योगपति उद्योग लगाना चाहते थे उनसे भाजपा की सरकार ने उद्योग लगवाने के लिए पहले राशि देने की मांग की जिससे वह सरकार के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच पाए जिधर देखो उधर पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार की सरकार चली और आम जनता के लोगों को कोई भी फायदा भाजपा की सरकार ने नहीं दिया जिससे जनता इस समय भारी नाराज चल रही है हम जनता के लोगों से वादा करते हैं कि प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो हम सबसे पहले किसानों को कर्ज माफी की जो दूसरी किस्त रह गई थी उसे पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने सांची विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गुलाबचंद गौतम को भारी बहुमत से जिताए जाने की अपील भी जनसभा में मौजूद लोगों से की।

**कइयों ने ली कांग्रेस की सदस्यता:** नया दशहरा मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की जनसभा के दौरान सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता रहे मूलचंद कुशवाहा, चैन सिंह मीणा, श्रीमती प्रतिभा जगत शुक्ला, हेमंत धाकड़, सहित लगभग पांच जनपद सदस्य ने भी भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ में मंच पर ही उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। कांग्रेस की चुनावी सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, कार्यक्रम का संचालन मनोज अग्रवाल ने किया।

### भाजपा सरकार को बदलना जरूरी: मसानी

कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रखी गई चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साले धाकड़ संजय मसानी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों युवाओं महिलाओं बेरोजगारों के लिए कुछ भी नहीं किया इस झूठ की सरकार को बदलने का समय आ गया है । इससे पूर्व कांग्रेस की चुनावी जनसभा में सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र पटेल गडरवास, जिले के प्रभारी कैलाश परमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान आदि कई कांग्रेस के नेताओं ने सभा को संबोधित किया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री पचौरी का सभा में नहीं आना चर्चा का विषय बना

जिला मुख्यालय पर पहली बार ऐसी स्थिति देखने में आई की विधानसभा चुनाव के चलते महत्वपूर्ण चुनावी जनसभा में जिले के मूल निवासी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का मंच पर नहीं होना वहां मौजूद आम जनता के लोगों में भी चर्चा का विषय रहा अब कारण जो भी हो परंतु पचौरी का चुनावी जनसभा में नहीं आना गुटबाजी को जन्म देता दिखाई देता है। इसके अलावा बात की जाए तो भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल भी जिला मुख्यालय पर आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान नहीं आ पाए बाकी तीन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सभा में मौजूद रहे यह भी चर्चा का विषय रहा।

# बाल्मीकि जयंती पर झांकी के साथ निकाला चल समारोह



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वार्ड 9 स्थित मंदिर से से पूजन-आरती के बाद महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में चल समारोह निकाला। इसमें समाज की महिलाएं भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रही थी। समारोह में महर्षि वाल्मीकि सहित मां-सीता की सजीव झांकियां घोड़ा रथ पर निकाली। समाज के कई वर्गो ने जल समारोह का जगह-जगह स्वागत और पूजन किया।भजनों पर लोग रास्ते भर नाचते दिखाई दिए। पुरूषों से ज्यादा महिला वर्ग ने कार्यक्रम को लेकर उत्साह दिखाई दिया। चल समारोह त्योंदा रोड जयस्तंभ हनुमान चौक सहित मुख मार्गो से होकर नगर की परिक्रमा करने के बाद वापस मंदिर पहुंचा। जहां प्रसाद वितरण के बाद उसका समापन किया गया। चल समारोह के दौरान रथ पर महर्षि वाल्मिक की झाकी सजाई गई थी। साथ राम लक्ष्मण सीता की झांकी भी सजाई गई थी। जबकि दूसरे रथ में महर्षि वाल्मीकि के बड़े चित्र को स्थापित कर उनकी झांकी सजाई गई थी। झांकी के साथ सेवादार चंवर से हवा करते दिखाई दे रहे थे। समाज के विभिन्न वर्गों सहित जन प्रतिनिधियों ने पूजन किया।इस आयोजन को परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया। पहले सुबह मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इसके पश्चात दोपहर को यह आयोजन प्रारंभ किया।जय स्तंभ चौक पर चल समारोह का पूजन व आरती की। ब्राह्मण दल, राजपूत, विश्वकर्मा, दांगी, यादव, समाज सहित हिंदू जागरण मंच की ओर से चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह में सभी वर्गों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं चल समारोह में चल रही झांकी महर्षि वाल्मीकि की आरती उतार कर पूजा की गई।

## सुभाष नगर से युवक की बाइक चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज

**मुरैना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के सुभाष नगर इलाके में शनिवार की रात अज्ञात चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसके फुटेज पुलिस को बताए गए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज यादव पुत्र राजाराम यादव उम्र 30 निवासी वार्ड 4 मुड़ियाखेरा में शनिवार की रात पंडित जी लस्सी वाले के मकान के पास रहने वाले अपने भाई के घर आया हुआ था और सीडी डीलक्स बाइक को सडक़ किनारे खड़ी कर घर में चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। जब युवक घर से निकलकर बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने शोर मचाया और आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे, जिसमें तीन युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। युवक द्वारा पुलिस थाने में आवेदन देकर सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों का पता लगाने की मांग की गई है।

## केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने उदयपुरा विधानसभा के एसएसटी चेक प्वाइंट का किया निरीक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा और 143 सिलवानी के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक आईआरएस एसबीजी मोहपात्रा ने उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत दिग्वाड और मांगरोल में स्थापित एसएसटी चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक मोहपात्रा ने चेक प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीमों से वाहनों की जांच, पंजी, अभी जप्त की गई राशि आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**विधानसभा निर्वाचन के लिए सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक नियुक्त:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्र 142-सांची और 143-सिलवानी के लिए आईएएस संजय कुमार को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग अधिकारी आरके पण्डोले को बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 141-भोजपुर के लिए आईएएस जगदीश प्रसाद मीना को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग अधिकारी जलज चतुर्वेदी को बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्रों के लिए आईपीएस जुगल किशोर कुमार को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका लायजनिंग ऑफीसर प्रदीप रघुवंशी को बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 143-सिलवानी के लिए आईआरएस एसबीजी मोहपात्रा को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों भ्रमण

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को साथ लेकर थाना निरीक्षक देहात एवं थाना निरीक्षक शहर एवं यातायात प्रभारी तथा थाना प्रभारी त्योंदा तथा थाना प्रभारी हैदरगढ़ द्वारा विधानसभा क्षेत्र बासौदा ग्यारसपुर में अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित विभिन्न संवेदनशील मतदान केंद्रों वाले ग्रामीण क्षेत्रों क्रमशः गमाखर, चौरावर बैहलोट लाल पठार, महागौर, गंज, बेदनखेडी, त्यौंदा, बागरौद, हैदरगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्रांतर्गत एसएसटी पाइंटस पर जाकर चैकिंग कराई गई। इस दौरान निरीक्षक संजीव चौकसे, देहात निरीक्षक हरिकिशन सिंह लोहिया, थाना प्रभारी गौरव बाजपेई एवं थाना प्रभारी राजेश मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहे।



### वीआईपी रोड पर किया पौधा रोपण

**मुरैना, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने वीआईपी रोड स्थित डिवाइडर पर लगभग 25 पौधे लगाए। इस अवसर पर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमें शहर की सुंदरता एवं पर्यावरण का ध्यान रखते हुए पौधे अवश्य लगाने चाहिए। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में स्थित डिवाइडरों पर पौधे लगाकर उन्हें सुंदर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसी क्रम में वीआईपी रोड डिवाइडर पर निगम आयुक्त एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर गोयल, उद्यान शाखा प्रभारी सूरज सिंह तोमर द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



### अनुराग कृष्ण डण्डोतिया ने किया देश का नाम रोशन

**मुरैना, देशबन्धु।** । यूएई दुबई में आयोजित एथलेटिक्स एशियाई चैंपियन प्रतियोगिताओं में अनुराग कृष्ण दंडोतिया ने जैसे ही दो प्रतियोगिताओं में अपनी क्षमताओं प्रदर्शन करते हुए में लगातार 2 स्वर्ण पदक हांसिल किये। जिसके बाद मुरैना चंबल अंचल सहित प्रदेश एवं देश का जनमानस उल्लास के चरम पर पहुंचकर थिरकने लगा। प्रसन्नता का यह उद्वेग अनुराग की ननिहाल जौरा में हंसी ठहाकों के साथ आतिशबाजी के उल्लास में घुल गया तो उसके परिजन एवं रिश्तेदारों की आंखों सै प्रसन्नता के आंसुओं के साथ बह निकला। दुबई के प्रतियोगिता स्थल स्टेडियम में 150 एवं 200 किलोग्राम की 95 से 105 किलोग्राम वर्ग प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा हुई, समूचा स्टेडियम तालियों की गडगड़ाहट से गूंजने लगा। पूरे स्टेडियम में तिरंगे झंडे लहराने लगे। मुरैना की माटी में जन्मे एवं अपनी ननिहाल जौरा की गली कूचों में बड़े हुए अनुराग डण्डोतिया ने दोनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम गोरबांन्वित किया।



# चंबल संभाग से 24 प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे भागीदारी

▶ अमृत कलश पहुंचा दिल्ली, राष्ट्रीय स्तर पर 2 दिन आयोजित होंगे कार्यक्रम



**मुरैना, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश अभियान नगरी क्षेत्र में 9 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित किया गया था। अभियान अंतर्गत नगर निगम मुरैना द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रमुख रूप से देश की रक्षा कर रहे ऐसे वीर जवान जो देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देश के लिए दी है। ऐसे वीरों के परिवारीजनों को निगम द्वारा सम्मानित भी किया गया था। अब 30 व 31 अक्टूबर 2 दिवस दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 31 अक्टूबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

चंबल संभाग के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी माटी मेरे देश अभियान के तहत नगर निगम सहित जिले की 7 नगरीय निकायों ने दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नगरीय निकाय के प्रतिभागियों में अंबाह नगर पालिका से नीलिमा श्रीवास्तव, पोरसा से राधा रानी बांदिल, बानमोर से गणेश बाथम, जौरा से स्नेहा सिंघल, कैलारस से अनुपम बाजपेई, सबलगढ़ से मयंक शर्मा, झुण्डपुरा से कपिल दुबे व नगर निगम मुरैना से बलवीर कुशवाहा सहित चंबल संभाग से 24 नामांकित प्रतिभागी दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

# भाजपा नेता की गाड़ी ने 2 बाइक में टक्कर मारी, 6 घायल

▶ मीडिया को देख अस्पताल से चलता बने नेता



**मुरैना, देशबन्धु।** रविवार की दोपहर माता बसैया थाना अंतर्गत जीगनी गांव पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री की सभा में जा रहे कर के काफिले की एक गाड़ी ने दो बाइक पर बैठे लोगों को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी घायलों को जिला अस्पताल छोड़ गए और मीडिया को देखकर चलते बने।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर 1 बजे के लगभग सांगोली एवं माता का पुरा के 6 लोग दो बाइक पर सवार होकर करह धाम दर्शनों के लिए जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक जीगनी गांव पर पहुंची तो वहां भाजपा नेता के काफिले में चल रही एक फोर व्हीलर गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार सभी 6 लोग घायल हो गए। इसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। जो लोग घायल हुए हैं उनमें कीरतराम पुत्र बाबूलाल केवट उम्र 35 निवासी माता का पुरा, अजय पुत्र कामराज उम्र 16 वर्ष, भुनेश्वर पुत्र कीरतराम उम्र 6, गुड्डी बाइ पत्नी कीरत राम, लाखन सिंह पुत्र रोशन सिंह 75 निवासी सांगोली, रामबीर पुत्र लाखन सिंह उम्र 40 शामिल है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर जीगनी गांव में दिमनी से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की जनसभा आयोजित हो रही थी, जिसके लिए मुरैना से भारी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता कारों के काफिले के साथ वहां जा रहे थे और इस दौरान उक्त घटना घटित हो गई। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी चालक एवं कुछ नेता घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उन्हें भर्ती कराया, लेकिन तभी मीडिया के पहुंच जाने के पश्चात नेता वहां से निकलते बने।

### करंट लगने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत न्यू आमपूरा क्षेत्र में रविवार की दोपहर करंट लगने से एक 12 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृत बालिका का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर साधना पुत्री श्रीनिवास प्रजापति 12 वर्ष निवासी माता वाली गली न्यू आमपुरा अचानक से करंट फेंक रहे कूलर की चपेट में आ गई और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा बालिका का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया, युवती को सांप ने काटा

**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्र में दो जगह पर दो घटनाएं सामने आई जिसमे पिपरिया निवासी मुस्कान संतोष को खेत में काम करते समय अचानक से सांप ने काट लिया जिसके बाद उसे परिजन सरकार अस्पताल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टर द्वारा उसका उपचार किया गया। वहीं दूसरी तरह ग्राम बांगा निवासी सुनीता लेखराम 30 वर्ष महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर उसे परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### शराब के नशे में बाइक से गिरकर घायल हुआ युवक

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का नशा युवाओं के बीच इस कदर हावी होते जा रहा है कि इसके दुष्परिणाम सामने आने लगे है। शनिवार रात ग्राम सांवरी निवासी राकेश पुत्र प्रेमलाल 28 वर्ष जो शराब के नशे में बाइक चला रहा था अचानक से सांवरी के पास ही बाइक अनियंत्रित होने के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे परिजनों द्वारा सरकारी अस्पताल लाया गया, जहा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### आजाद वार्ड में मनाई शरद पूर्णिमा

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के आजाद वार्ड में बड़े बुजुर्गों, महिलाओ बच्चो एवं युवाओं ने मिलकर शनिवार रात शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया और खुले आसमान के नीचे खीर बनाकर इसका वितरण किया गया। आजाद वार्ड निवासी, राजेश बचले, करण बचले, पियूष बचले, आदि ने बताया की शरद पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण होने के कारण ग्रहण के समय के पूर्व रात 11 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रसादी वितरण कर दी गई थी, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं, बच्चे बुजुर्ग एवं युवा शामिल हुए। सभी ने मिलकर खुले आसमान के नीचे खीर पकाई और उसका वितरण किया गया।

### कुंदन और शिवपाल कांग्रेस में शामिल

**बैतूल, देशबन्धु।** विधायक एवं बैतूल विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा से प्रेरित होकर 2 ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। रविवार ग्राम खण्डारा निवासी कुंदन यादव एवं शिवपाल यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की डागा ने दोनों कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका कांग्रेस मे स्वागत कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। यादव बंधुओं का कहना था कि हमारे विधायक निलय डागा विकास के प्रति गम्भीर तो हैं ही। उन्होंने हमेशा अपनी विधानसभा के प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार का व्यक्ति ही समझकर उसकी मदद की है। हमारा सौभाग्य है कि हमे विधायक निलय डागा के माध्यम से कांग्रेस से जुड़ने का मौका मिला है।

### हाईवे पर 2 भेंड़की और नीलगाय की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल, देशबन्धु।** जंगलों के बीच से होकर गुजरने वाले हाइवे वन्य प्राणियों के लिए जान लेवा साबित हो रहे हैं। हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की चपेट में आकर तीन वन्य प्राणियों की मौत अभी तक हो चुकी है, लेकिन वन्य प्राणियों की जान की रक्षा करने में वन विभाग भी असहाय नजर आ रहा है क्योंकि विभाग के पास ना ही पर्याप्त स्टाफ है और ना ही कोई संसाधन। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुलताई से छिंदवाड़ा जाने वाले स्टेट हाइवे पर पिछले एक सप्ताह के दौरान टीम वन्य प्राणी सड़क हादसे का शिकार होकर काल कवलित हो चुके है। जानकारी के मुताबिक तीनो हादसे रात्रि के समय ही हुए जब भेंड़की और नीलगाय मैदानी जंगलों से निकलकर हाइवे पर आ गए और इनकी टक्कर वाहनों से हो गयी। सुबह जानकारी मिलने के बाद वन कर्मचारी घायल अवस्था मे वन्य प्राणियों का इलाज भी करवाया पर उनकी जान नहीं बच सकी। वन विभाग को अब जरूरत इस बात की है। वन्य प्राणियों की जान बचाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

▸ **शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने तैयारियों में जुटा प्रशासन**



**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके इसके लिए लगातार प्रशासन तैयारियों में जुटा है, इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए लगातार अधिकारी दौरा कर रहे है। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी और मतदान केंद्रों के दौरे के लिए रविवार सामान्य प्रेक्षक मुलताई पहुंची। उन्होंने तहसीलदार एवं टीआई के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। तहसीलदार अनामिका सिह ने बताया कि जनरल ऑब्जर्वर हरिता वी कुमार रविवार मुलताई पहुची थी। जिन्होंने डहुआ, खैरवानी और मुलताई के मंगलवार बाजार, सीएम राइज स्कूल के मतदान केंद्रों में जाकर व्यवस्थाएं देखी। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी सहित मतदाताओं के लिए अन्य व्यवस्था है अथवा नहीं। वही मतदान केंद्र तक मतदाता को पहुंचने में किसी समस्या का सामना तो नहीं करना पड़ेगा।

इन व्यवस्थाओं को आब्जर्वर ने देखा। इसके अलावा संवेदनशील सहित अति संवेदनशील मतदान केंद्रो की जानकारी भी ऑब्जर्वर द्वारा ली गई है। ऑब्जर्वर द्वारा मुलताई के मंगलवार बाजार और सीएम राईज स्कूल के मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। पिछले विधानसभा चुनाव में मंगलवार बाजार के मतदान केंद्र पर जमकर विवाद हुआ था। इसलिए इस मतदान केंद्र का निरीक्षण ऑब्जर्वर द्वारा किया गया। पिछले चुनाव में विवाद होने के बाद यहां पर पुलिस बल भिजवाना पड़ा था, ऐसे में मतदान केंद्र को संवेदनशील मतदान केंद्र की तरह देखा जा रहा है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च



**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र के 36 वार्डों में एवं घोड़ाडोगरी में पुलिस के जवानों के माध्यम से फ्लैग मार्च निकला गया। इस फ्लेगमार्च में आरपीएफ बल सहित लगभग 80 से अधिक अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। सारणी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि फ्लेग मार्च कानून एवं व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने एवं संपूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों में दहशत का माहौल एवं आम जनों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से निकलने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि यह फ्लैगमार्च कस्बा क्षेत्र सारनी, बगडोना, शोभापुर, घोड़ाडोंगरी पाथाखेड़ा में निकाला गया। उपरोक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी सारनी अरविन्द कुमरे, चौकी प्रभारी घोड़ाडोंगरी नरेंद्र उईके, चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा एवं इकाई को एरिया डोमिनेशन के लिए प्राप्त आरपीएफ के बल सहित लगभग 80 अधिकारी कर्मचारी ने भाग लिया। कुमरे ने बताया कि सारनी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन जैन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

# होगी आमसभा, कांग्रेस, आप, बीएमपी करेगी शक्ति प्रदर्शन



▸ **मुलताई आएंगे छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ**

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों द्वारा शक्ति प्रदर्शन करने के लिए योजना बनाई गई है। सोमवार सुबह 1 बजे नागपुर नाका अंबेडकर चौक से बस स्टैंड होते हुए तहसील कार्यालय में कांग्रेस विधायक सुखदेव पांसे, छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ, तिवसा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री यशोमती ठाकुर पूर्व कैबिनेट मंत्री बसंत पुरखे एवं विधायक वरुड देवेंद्र भुयार सहित हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगे जिसके लिए पिछले एक सप्ताह से जमकर तैयारी की जा रही है वहीं दोपहर 1 बजे से बैतूल रोड मंगलवार बाजार पर विशाल आमसभा का आयोजन किया गया है जिसके लिए एक दिन पहले से ही टेंट लगकर तैयार हो चुका है। इसके पहले सुखदेव पांसे ने मुहूर्त का पर्चा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा करवाया था। सोमवार सुबह 10 बजे अंबेडकर चौक पर बीएमपी की सभा के लिए अनुमति ली गई है, जिसके बाद गांधी चौक, मासोद रोड, बस स्टेंड होते हुए नगर पालिका तक रेली का आयोजन किया जाएगा। वहीं आम आदमी पार्टी द्वारा भी दोपहर 12 बजे बैतूल रोड से नगर पालिका तक नामांकन रैली का आयोजन किया गया है, जिसमे बाहर से कोई बड़ा चेहरा नहीं होगा, स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ आयोजन होगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन के पहले तक कुल 27 फार्म लिए गए जिसमे से कुल 5 लोगो ने अपने नामांकन दाखिल किए थे, आज अंतिम दिन सभी अपने नामांकन फार्म जमा करने रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय पहुचेंगे।

### कांग्रेस नेत्री अवनी बंसल प्रदेश महामंत्री नियुक्त



**हरदा, देशबन्धु।** कांग्रेस नेत्री अवनी बंसल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया हैं। नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने अवनी बंसल को बधाइयां प्रेषित करते हुए बताया कि कांग्रेस नेत्री को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के द्वारा प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। निश्चित ही नियुक्ति से हरदा मे कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए जिला प्रभारी अवधेश सिसोदिया, हरदा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामकिशोर दोगने, हेमंत टाले, लक्ष्मीनारायण पंवार, अनिल बंसल, गगन अग्रवाल, गोविंद व्यास, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सतीश राजपूत, मुकेश कलवानिया, नितिन पटेल सहित समस्त कांग्रेसजनों ने बधाइयां प्रेषित की है।

# कवि समागम में कवियों ने काव्य पाठ कर किया मंत्रमुग्ध




**मुलताई, देशबन्धु।** मां वाघेश्वरी साहित्य परिषद खेड़ली बाजार और नर्मदा आह्वान सेवा समिति होशंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मां ताप्ती सरोवर के तट पर स्थित कुनबी समाज मंगल भवन में कवि समागम का आयोजन हुआ। वाघेश्वरी साहित्य परिषद के कवि दीपक साहू सरस, वरिष्ठ कवि जयकिशन चंदेल और नर्मदा आव्हान सेवा समिति के कैप्टन किशोर करैया की अगुआई में आयोजित कवि समागम में वरिष्ठ कवियों के साथ नवोदित कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक दीपक साहू सरस ने बताया कि कवि समागम ख्यातीनाम कवि स्वर्गीय मदन सोनी मोरखा, स्वर्गीय एनलाल जैन मुलताई, स्वर्गीय बसंत मिरासे 'बसंत' बैतूल, स्वर्गीय स्वाति सोनी मुलताई और स्वर्गीय पंछीलाल बेले बड़गांव की पुण्य स्मृति को समर्पित था।

कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कवि राजकूमार राज़ बैतूल की अध्यक्षता में और वरिष्ठ कवि डा.अशोक आज़ाद भोपाल के मुख्य में आतिथ्य में हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार कुमार नितेश 'नैश भोपाल इस कार्यक्रम के संरक्षक थे। साथ ही प्रसिद्ध कवि पंडित महेंद्र मधुर और प्रख्यात हास्य कवि भुवनसिंह धांसू ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। कवि समागम में उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए कहा भारतीय संस्कृति और विशेषत: साहित्य के क्षेत्र में वाचिक परम्परा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। भारतीय काव्य किसी न किसी रूप में वाचिक संस्कार से अभी तक सुवसित है। श्रुति की रक्षा भी इसी परम्परा से हो रही है और कविता जनमानस के हृदय से सीधा संवाद कर रही है। जगह जगह हो रहे काव्य अनुष्ठान यथा कवि सम्मेलन और कवि समागम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कार्यक्रम में चार सत्रों में काव्यपाठ हुआ और अलग अलग सत्र संचालन कुमार नितेश नैश भोपाल दीपक साहू सरस मुलताई जयकृष्ण चांडक हरदा ने किया। जिसमें विभिन्न अंचलों से स्थापित और नवोदित कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जयकिशन चंदेल ने सभी कवियों का आभार जताया। कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ कवि अखिलेश परिहार कवि रामानंद बेले, जित्तू मदन सोनी, विक्की बसंत मिरासे, रामनाथ यदुवंशी कठोतिया विनोद सनोदिया अमरवाड़ा भोले नेमा चंचल हरई सहित दोनो संस्थाओं के सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

# राम मंदिर में पूजा कर कांग्रेस पदाधिकारियों ने शुरू किया प्रचार



**सारनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव तिरुपति एरोलू ने श्रीराम मंदिर प्रांगण में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 18 वर्षों में प्रदेश की सरकार ने प्रत्येक व्यक्ति को डेढ़ लाख से अधिक के कर्ज में जन्म लेते से ही पहुंचा दिया है। ऐसे में सरकार को बदलने का संकल्प कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी को लेना चाहिए। रविवार को शाम क्षेत्र के प्राचीन व्याख्या श्री राम मंदिर प्रांगण में कांग्रेस के पदाधिकारी के माध्यम से पूजा अर्चना करके चुनाव प्रचार शुरू किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के छोटे बड़े शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता पदाधिकारी एकजुट हो जाए तो सत्ता में बैठी भाजपा की सरकार की नीव को हिलाना उनके लिए बहुत बड़ा काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि 30 अक्टूबर को कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मनोज मालवे द्वारा नामांकन भरा जाएगा इस अवसर पर गोविंद एरोलू, सोमनाथ पाल, हरीश पाल, संजू लोणारे, किशोर चौहान, मानिक छोटे, तिरुपति एरोलू, नितिन राजपूत, तरुण पाल, प्रवीण पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद कांग्रेस के पदाधिकारी के माध्यम से सारनी के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर व्यापारी और उपभोक्ताओं को कांग्रेस का वचन पत्र वितरण करने का कार्य किया गया।

*अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए किया प्रेरित*

# कलेक्टर इलेवन ने जीती स्वीप कप ट्रॉफी



**बैतूल, देशबन्धु।** रविवार को बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पर कलेक्टर इलेवन की ओर से सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा की धुंआधार 68 रनों की अर्द्ध शतकीय पारी के आगे एडव्होकेट इलेवन के बॉलर पूरे मैच में विकेट के लिए संघर्ष करते दिखे। विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रविवार को कलेक्टर इलेवन एवं अधिवक्ता इलेवन के बीच 16-16 ओवर का लेदर बॉल क्रिकेट मैच खेला गया।

अधिवक्ता इलेवन टीम द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर इलेवन की ओर से सीएमओ ओपीएस भदौरिया द्वारा घातक गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को सस्ते में आऊट कर दिया। कलेक्टर बैंस ने एक विकेट, ऐश्वर्य वर्मा द्वारा एक एवं मनीष वरवड़े ने तीन खिलाड़ियों को चलता किया। अधिवक्ता टीम बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में कुल 108 रन बनाकर आऊट हो गई। कलेक्टर इलेवन की ओर से ओपनिंग बल्लेबाजी करने उतरे सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ चौधरी ने पारी की ठोस शुरूआत की। कलेक्टर और सहायक कलेक्टर की जोड़ी जब खेल रही थी, तो ऐसा लगा कि टीम 9 विकेट से विजय हासिल करेंगी। बैंस के आऊट होने के बाद धीरे-धीरे स्कोर 7 विकेट पर 107 रन तक पहुंच गया। ऐश्वर्य वर्मा ने विजयी चौका लगाकर तीन रन और तीन विकेट से जीत दर्ज कराई। शनिवार को खेले गए युवा मतदाता स्वीप कप का फाईनल मुकाबला रविवार को मुलताई और घोड़ाडोंगरी के मध्य खेला गया। जिसमें मुलताई द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। मुलताई की टीम द्वारा 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर 85 रन का लक्ष्य घोड़ाडोंगरी टीम को दिया गया। मुलताई टीम बल्लेबाजों को चखाते हुए लगातार विकेट गिराने मे सफल होते गई। घोड़ाडोंगरी टीम ने 7 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 50 रन का अर्ध शतक पूरा किया। इस प्रकार मुलताई टीम द्वारा अपनी सूझबुझ के साथ खेलते हुए घोड़ाडोंगरी टीम को 68 रन पर ही आलआऊट कर क्रिकेट कप अपने नाम घोषित कराने में सफल रही।

विजेता टीम मुलताई को राशि 5 हजार एवं क्रिकेट कप का पुरस्कार श्री ऐश्वर्य वर्मा सहायक कलेक्टर द्वारा तथा उप विजेता टीम घोड़ाडोंगरी को कप एवं राशि 3 हजार के साथ बेस्ट बॉलर चेतन रघुवंशी मुलताई तथा बेस्ट बेट्समेन छोटू घोड़ाडोंगरी को देकर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार निरंजन राजपुत मुलताई को दिया गया। साथ ही 17 नवम्बर 2023 हो होने वाले विधानसभा निर्वाचन में बिना भय, डर, लालच के निष्पक्ष रुप से अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मजदूरों को हर साल मिलेंगे....** क्विंटल धान की खरीद, बिजली बिल हाफ जैसे वादों को उनकी सरकार ने शपथ लेने के दो घंटे के भीतर पूरा कर दिया, जिसे चुनाव के दौरान मोदी और भाजपा के नेता बोलते थे कि पूरा नही किया जा सकता। कवर्धा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा पर सार्वजनिक उपक्रमों के साथ ही स्कूल कॉलेज और अस्पतालों को पूंजीपतियों को सौंपने का आरोप लगाते हुए छत्तीसगढ़ के किसानों गरीबों मजदूरों को भरोसा दिलाया हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जितना भी पैसा अडानी को देंगे उतना ही पैसा उनकी सरकार उन्हे देंगी। श्री गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि मोदी एवं भाजपा स्कूल कालेज अस्पताल सारा का सारा अरबपतियों को पकड़ा दे रहे है, ऐसा देश हमें नही चाहिए। सरकार का काम गरीबों की रक्षा करने का होता है। रायपुर। छत्तीसगढ़ दौरे पर आए राहुल गांधी ने जहां एक ओर दूसरे दिन चुनावी रैली में भाजपा पर जमकर हमला बोला। वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव और कवर्धा में चुनावी रैली से पहले राहुल आज नवा रायपुर के पास कटिया गांव में खेत में जा पहुंचे। खेत में जाकर राहुल ने उस समय सभी को हैरान कर दिया, जब उन्होंने श्रमिकों के साथ धान कटाई में सहयोग किया। राहुल गांधी खेत में जाते ही गमछा बांधकर धान कटाई में जुट गए। किसानों के साथ उन्होंने धान और अन्य मुद्दे पर बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी श्रमिकों के कार्य में सहयोग दिया।

**कांग्रेस काल में बुधनी को....** आशिर्वाद मिल रहा है। सड़कों का जाल पूरे क्षेत्र में बिछा है। यहां सीएम राइज़ स्कूल, आईटीआई, कॉलेज, नर्मदा जी का पानी, जो कुछ दिया वो केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही दिया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, स्कूटी वाली बेटी, लैपटॉप वाली बेटी और लाड़ली लक्ष्मी बेटियां आज स्नेह देने आई थी। हर गली, हर दुकान और हर घर से मेरा स्वागत हुआ। आपने फूलों की वर्षा कर मेरा स्वागत सत्कार किया। मैं आपके पैरों में कभी काटे नहीं चुभने दूंगा। ये वही माटी है जहां से मुझे बहुत प्यार मिला है।

**युवाओं को रोजगार चाहिए....** पंप के लिए फ्री बिजली अपने किसान भाइयों को देने का काम करने वाले है। हमने अपने नौजवान साथियों के लिए रोजगार देने का काम किया क्योंकि हमारी नियत और नीति थी कि हम प्रदेश को पटरी पर लाएं। उन्होंने कहा कि जहाँ नदी ना हो, वहां भी ये शिवराजसिंह जी पुल की घोषणा कर देते है। शिवराज सिंह चौहान ने 18 साल में केवल जनता को गुमराह करने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के 3.5 लाख करोड़ का कर्ज तो लिया लेकिन इस कर्ज का कोई भी हिसाब इनकी सरकार के पास नहीं है। आज प्रदेश के नौजवानों का भविष्य दाव पर लगा है। उसकी चिंता इस सरकार को नहीं है। हमारी सरकार आने पर हम फिर से किसानों का कर्ज माफ़ करने का काम करेंगे। हम स्कूल की शिक्षा कों पूरी तरह से मुफ्त करने और स्कूल के बच्चों को आर्थिक मदद करने का काम करेंगे।

## सार समाचार

### आज होंगी मुख्यमंत्री की सभाएं, भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान फिर से जिले के दौरे पर रहेंगे। वे विधायक पद के प्रत्याशियों के पक्ष में नामांकन दाखिल कराएंगे और रोड शो करेंगे। चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नामांकन जमा करने की आज अंतिम तारीख है। जिसे लेकर सोहागपुर में विजयपाल सिंह राजपूत, सिवनी मालवा में भाजपा प्रत्याशी प्रेमशंकर वर्मा रैली निकाल नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगे। पिपरिया में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सीएम शिवराज सिंह चौहान रोड शो व आमसभा करेंगे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पहले सोहागपुर, सिवनी मालवा जाएंगे। फिर शाम को पिपरिया में आमसभा और रोड शो करेंगे। वहीं होशंगाबाद-इटारसी विधानसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी दोनों भाई सोमवार को अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सीतासरन शर्मा सुबह 10 बजे और 11.30 बजे उनके बड़े भाई गिरिजाशंकर शर्मा नामांकन फॉर्म जमा करने के लिए रैली निकालेंगे।

### निर्वाचन पर्यवेक्षण हेतु केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से विधानसभा निर्वाचन संपादित कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए केंद्रीय सामान्य प्रेक्षकों एवं पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिवनीमालवा एवं होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी उदय नारायण दास मो न 8989881053 को केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सोहागपुर और पिपरिया के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी सुहास एस मो न 9406507488 को केंद्रीय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के अधिकारी शिवहरि मीना मो न 8349158700 को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कोई भी जानकारी संबंधित प्रेक्षकों को उक्त मोबाइल नंबरों पर दी जा सकती है।

### पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालो के विरुद्ध की कार्यवाई

**सोहागपुर, देशबन्धु।** थाना प्रभारी सोहागपुर चन्द्रकांत पटेल के नेतृत्व मे जिले मे आगामी विधानसभा के मद्देनजर अवैध शराब बेचने वाले आरोपियो के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कर अवैध शराब बेचने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना क्षेत्र के ग्राम जमनी टोला पारधी डेरा में दबिस दी गई जिसमे 05 आरोपीगणों से कुल 120 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 12000/- रुपये की पाँच आरोपियों से जप्त की गई एवं मौके पर करीबन 400 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया।



## मिले सुर मेरा तुम्हारा म्युजिक ग्रुप का शरद पूर्णिमा की चांदनी में कार्यक्रम आयोजित

# मन्नाडे और हेमंत कुमार के गीतों सजी शाम, गायकों ने समर्पित किये कई सुरीले गीत



**इटारसी, देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा की चांदनी में मखमली आवाज के जादूगर हेमंत कुमार और सुरों के बेताज बादशाह मन्ना डे को समर्पित कार्यक्रम एक संगीतमयी शाम आपके नाम का आयोजन साईं कृपा मैरिज गार्डन के सभागार में आज शनिवार को आयोजित किया गया। लीजेंड मन्ना डे और हेमंत कुमार के गीतों से सजी शाम का आयोजन मिले सुर मेरा तुम्हारा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में शाम 6-30 शुरू हुआ और आचार संहिता का पालन करते हुए रात 10 बजे संपन्न किया। कार्यक्रम में स्थानीय गायकों ने हेमंत कुमार और मन्ना डे के गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्यों एवं मिले सुर मेरा तुम्हारा के सदस्यों ने मन्ना डे एवं हेमंत कुमार के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया।

### इन विभूतियां और संस्थाओं का सम्मान

कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में विशेष काम करने वाली विभूतियां और संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वालों में निस्वार्थ भाव से हॉकी कोचिंग देने वाले कन्हैया गुरयानी, भजन के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली श्रीमती राजकुमारी नन्हेसिंह ठाकुर, अपने आप को समर्पित कर देने वाले सज्जन लोहिया, भजन गायक मथुरा प्रसाद रजक, गौवंश की निस्वार्थ सेवा करने वाले दीपू पठोदिया, नगर पालिका प्रशासन को पॉलिथिन मुक्त नगर के अभियान में योगदान देने थैला एटीएम भेंट करने पर मेहरा समाज महासंघ की तहसील इकाई के अध्यक्ष कमलकांत बडगोती, गायक डीएस देशवाली के अलावा अपने स्वयं के पैसों से बच्चों को छात्रवृत्ति बांटने वाली संस्था वरिष्ठ नागरिक मंच और सामाजिक कार्यों में रात रहने वाली संस्था सेवा एक पहल को भी सम्मानित किया गया।

### इन कलाकारों ने गाये गीत

अशोक तिवारी ने तेरी दुनिा में जीने से और ये रात ये चांदनी, विनोद वर्मा ने न ये चांद होगा और मस्ती भरा है समां, धनराज खाड़े ने है अपना दिल तो आवारा, अखिल दुबे ने अभी तो हाथ में जाम है और ए दिल अब कहीं ले जा, रोहित नागे एवं राशि खाड़े ने याद किया दिल ने कहां हो तुम, अनुराग दीवान ने जिंदगी कैसी है पहेली और बेकरार करके हमें यूं न जाईये, अनिल शुक्ला ने राह बनी खुद मंजिल और हर तरफ बस यही अफसाने हैं, श्रीमती पूजा राजपूत ने तन डोले, मेरा मन डोले, चंद्रेश मालवीय ने तुम पुकार लो और राशि खाड़े के साथ गीत प्यार हुआ इकरार हुआ, पंकज गुप्ता ने चलती चली जाए और ये नयन डरे-डरे, मनोज तिवारी ने शिवजी विहाने चले, पूछो न कैसे मैंने रैन बिताई, राशि खाड़े ने लागा चुनरी में दाग, दीपक पवार ने जरा नजरों से कह दो जी, छोटी बच्ची अग्रिमा राजपूत ने विशेष प्रस्तुति लग जा गले के फिर ये हंसी रात और एक अन्य नन्हीं बच्ची सृष्टि शुक्ला ने गीत इक प्यार का नगमा है, की प्रस्तुति दी।

# जिले के 9 लाख 40 हजार मतदाता करेंगे अपने मत का उपयोग



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही जारी है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 है। इसके पश्चात 31 अक्टूबर को नामांकन की संवीक्षा जाएगी, 2 नवंबर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी। जिले की चारों विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 940069 हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 486657, महिला मतदाताओं की संख्या 453377 एवं 35 अन्य मतदाता है। 18 से 19 वर्ष आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या 43603 हैं, जिनमें 23797 पुरुष एवं 19806 महिला शामिल हैं। जिले में 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जिनमें 4440 पुरुष एवं 6465 महिलाएं शामिल है। मतदाता सूची का लिंगानुपात 931.62 है एवं ईपी रेशों 66.72 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8988 है जिनमें 5733 पुरुष एवं 3255 महिला शामिल हैं। वहीं सर्विस वोटर की संख्या 1894 हैं।

### जिले में 1187 मतदान केंद्रों पर किया जाएगा मतदान

जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1187 है जिनमें सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318, होशंगाबाद विधानसभा में 238, सोहागपुर विधानसभा में 314 एवं पिपरिया विधानसभा में 317 मतदान केंद्र शामिल हैं।

**जिले में आयुवार मतदाताओं की स्थिति**-जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 43603 है जोकि कुल मतदाताओं का 4.64 प्रतिशत है, इसी प्रकार 20 से 29 वर्ष आयु के कुल मतदाता 224357 है, जिनका प्रतिशत 23.87 हैं। 30 से 39 वर्ष की आयु की मतदाता 239375 है जिनका प्रतिशत 25.46 हैं। इसी प्रकार 40 से 49 आयु के मतदाताओं की संख्या 179570 है जिनका प्रतिशत 19.10 है। 50 से 59 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 129835 है जिनका प्रतिशत 13.81 है। वहीं 60 से 69 वर्ष के आयु के मतदाताओं की संख्या 77535 है जिनका प्रतिशत 8.25 है। 70 से 79 वर्ष की आयु की मतदाताओं की संख्या 34889 है जिनका प्रतिशत 3.71 है वहीं 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जोकि कुल मतदाताओं का 1.16 प्रतिशत हैं।

### विधानसभावार मतदाताओं की स्थिति

सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 245148 है जिनमें 127304 पुरुष एवं 117835 महिला एवं 9 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 221141, जिनमें 112322 पुरुष, 108803 महिला एवं 16 अन्य, सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 242873, जिनमें 127521 पुरुष, 115346 महिला एवं 6 अन्य तथा पिपरिया विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 230907, जिनमें 119510 पुरुष, 11393 महिला एवं 16 अन्य मतदाता शामिल हैं।



# 24 कछुएं, 2 जाल जप्त किए

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रविवार को अनिल शुक्ला वनसंरक्षक वन वृत्त, संदीप फैलोज वनमंडलाधिकारी सामान्य, रचना शर्मा सामान्य संयुक्त वनमंडलाधिकारी सामान्य सोहागपुर के मार्गदर्शन एवं सुमित पाण्डेय वनपरिक्षेत्र अधिकारी सोहागपुर सामान्य के निर्देशन में गठित गश्ती दल जिसमें शामिल सदस्य राजेन्द्र कुमार भिलाला वनपाल, राजेश अग्रवाल वनरक्षक, उत्तम गीते वनरक्षक, दीपक मिश्रा स्थाईकर्मी द्वारा गश्ती के दौरान साकला पुल पर लगी एसएसटी टीम के सहयोग से चेंकिंग के दौरान आती हुई एक मोटर साइकिल हीरो होन्डा एमपी 05 एमएफ 3645 को संदेह के आधार पर रोक कर चेक करने पर उसके पास से 24 नग कछुऐं 02 नग जाल जप्त किए गए। आरोपी का नाम गोवर्धन आ चेतन उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी नयाखेडा तहसील सोहागपुर है। मोटर साइकिल, 24 नग कछुए व 02 नग जाल जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबध्द किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार

**इटारसी।** आदर्श आचार संहिता के चलते एवं जिला पुलिस कप्तान डॉक्टर गुरुकरन सिंह के मार्गदर्शन पर सिटी पुलिस लगातार अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

आज एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव बुंदेला के कुशल नेतृत्व में सिटी पुलिस शहर में लगातार गश्त कर अवैध हथियार, मादक पदार्थ रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रहे हैं। आज सिटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोची तरोंदा सड़क न्यू यार्ड स्थित मुक्तिधाम के पास खड़े एक संदिग्ध श्यामू पिता उत्तम भाट उम्र 19 वर्ष झुग्गी झोपड़ी न्याय कालोनी को पकड़ा।

पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी रिवाल्वर एवं एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया।आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आमर्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक अशोक चौहान, आरक्षक हरीश डिगरसे, आरक्षक राजेश पंवार, आरक्षक जयप्रकाश पाठे, गजेन्द्र की मुख्य भूमिका रही।

# सीआरएस ने किया इटारसी-जुझारपुर थर्ड लाइन का निरीक्षण, जल्द मिलेगी मंजूरी

### सेफ्टी ट्रायल के बाद मिलेगी हरी झंडी, नई लाइन से सुचारू होगा यातायात

**इटारसी, देशबन्धु।** सुगम रेल यातायात के लिए रेलवे द्वारा तैयार की गई थर्ड लाइन का चीफ सेफ्टी कमिश्नर सीआरएस मनोज अरोरा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण ट्राली पर बैठकर अरोरा ने पवारखेड़ा से जुझारपुर के बीच निरीक्षण किया। इससे पहले अरोरा ने बरखेड़ा से बुदनी के बीच 26 किमी के ट्रेक का तकनीकी निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान डीआरएस, आरवीएनएल के अधिकारी एवं प्रोजेक्ट से जुड़ी टीम मौजूद रही। जानकारी के अनुसार सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद नवबंर माह में रेलवे स्पीड ट्रायल कराएगी, यदि यह सफल रहा तो सीआरएस इसे मंजूरी देंगे, इसके बाद इटारसी से भोपाल तक थर्ड लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही प्रारंभ की जाएगी। जानकारी के अनुसार पवारखेड़ा से जुझारपुर तक तैयार हुई थर्ड लाइन का ट्राली में बैठकर सीआरएस ने निरीक्षण किया। पवारखेड़ा से जुझारपुर तक रेलवे द्वारा बनाए गए बायपास ट्रेक का भी निरीक्षण अरोरा ने किया। सुबह 8 बजे से यह दौरा प्रारंभ हुआ। दौरे के लिए सीआरएस अरोरा पूरे लाव लश्कर के साथ निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रानी कमलापति स्टेशन से इटारसी के लिए रवाना हुए। सीआरएस के साथ में डीआरएस, सभी विभाग प्रमुख एवं मंडल के आला अफसर मौजूद रहे। अरोरा ने थर्ड लाइन के लिए तैयार मध्य ग्रेड सेपरेटर, रेलवे लाइन, स्टेशन यार्ड आदि का निरीक्षण किया। सुबह 11= 25 बजे ट्रेन 11058 अमृतसर-मुम्बई एक्सप्रेस में सीआरएस का कोच अटैच हुआ, इसके बाद वे मुबंई के लिए रवाना हो गए।

**बनाया गया केबिन**- थर्ड लाइन के लिए रेलवे द्वारा जुझारपुर के पास नागपुर ट्रेक पर एक केबिन भी बनाया गया है, जिसकी कमीशनिंग पिछले दिनों की गई थी, यहां से नई लाइन पर आने-जाने वाली ट्रेनों का सिग्नल सिस्टम चलाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार थर्ड लाइन तैयार होने के बाद इटारसी स्टेशन से थ्रू जाने वाली ट्रेनों को बाहर से ही निकाल दिया जाएगा, इसके अलावा बेवजह लूप लाइन पर आने वाली गुड्स ट्रेनों को भी इटारसी स्टेशन पर नहीं लिया जाएगा।



# मतदान करना अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी हैं : सीईओ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न आयोजित गतिविधियों के क्रम में रविवार को जिला प्रशासन और नव मतदाताओं के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैत्री मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि नव मतदाता, दिव्यांग, वृद्ध सहित जिले के सभी मतदाता 17 नवंबर को अपना मतदान अवश्य करें। मतदान करना आपका लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है।

सीईओ ने कहा कि नव मतदाताओं के लिए विशेष अवसर है कि उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाएं और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें। क्रिकेट मैच आयोजन से पूर्व सभी के द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदापुरम आशीष कुमार पांडे भी उपस्थित रहें। क्रिकेट खेल के टॉस होने के पहले सीईओ द्वारा दोनों टीमों को लाइनअप करवाकर निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी साझा की गई। रक्षित निरीक्षक संदीप दुबे, शैलेश ऊके, संदीप चौरसिया, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। नव मतदाता और जिला प्रशासन के बीच आयोजित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने 15 ओवर में 2 विकेट खोकर कुल 120 रन बनाएं। जिला पंचायत सीईओ ने अर्ध शतक जमाया, बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 50 बॉल में 68 रन बनाएं। जवाब में उतरी नव मतदाताओं की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 10 ओवर में ही 9 विकेट रहते मैच अपने नाम किया। युवा मतदाता की टीम से सर्वाधिक 62 रन माधव शर्मा ने बनाएं। कार्यक्रम में मंच का संचालन मानसेवी सचिव क्रिकेट एसोसिएशन नर्मदापुरम अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

## ब्लॉक स्तरीय स्कूल नृत्य प्रतियोगिता

# सीनियर वर्ग में नर्मदावैली बना जूनियर में संस्कृति स्कूल शोभापुर बना चैंपियन



### शरद पूर्णिमा पर रक्तदाताओं का हुआ सम्मान

**सोहागपुर, देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा पर शरदउत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदातों प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान किया जाता है इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है शरद पूर्णिमा समिति पिछले 22 वर्षों से यह आयोजन कर रही है इस वर्ष 23 में वर्ष में समिति द्वारा बच्चों की इंटर स्कूल नृत्य चैंपियनशिप (ब्लॉक स्त्री प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया जिसमें राज्य की संस्कृति एवं धार्मिक थीम पर बच्चों को ग्रुप के रूप में प्रस्तुति देना था आचार संहिता के चलते आयोजन शाम 6.00 बजे प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम मंच पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि पंडित मनमोहन प्रसाद मुद्गल एवं बावड़ी वाले मंदिर के संत महंत हरकिशन दास महाराज द्वारा दीप प्राजुला कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

सर्वप्रथम सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी गई उसके बाद बच्चों की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में नर्मदा वैली स्कूल सेमरी हरचंद ने दुर्गा जी के द्वारा असुरों का मर्दन भगवान शंकर ने पैरों के नीचेलेट कर माता के क्रोध को शांत किया थीम पर शानदार धार्मिक प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा अध्यक्ष संदीप साहू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, अध्यक्ष संदीप साहू ने बताया कि सीनियर वर्ग में प्रथम इनाम 5100 तथा इंटर स्कूल ट्रॉफी जीत कर विजेता बने ,नानक स्कूल सोहागपुर द्वितीय स्थान पर रहा उन्हें ?3100 रुपया तथा शानदार ट्रॉफी दी गई तृतीय स्थान पर आदर्श पब्लिक स्कूल रहा जिसे 2100 एवं चैंपियन कप मिला चतुर्थ स्थान पर विवेकानंद स्कूल पांचवें स्थान पर सेंट पैट्रिक हाई सेकेंडरी स्कूल रहा वहीं जूनियर वर्ग में भारतीय संस्कृति स्कूल शोभापुर ने चैंपियन ट्रॉफी जीती उन्हें 3100 रुपया एवं ट्रॉफी मिली सनफ्लावर स्कूल को द्वितीय स्थान मिला उन्हें 2100 एवं ट्रॉफी प्रदान की गई तीसरे नंबर पर सेंड पैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल रहा इन्हें 1100 एवं ट्रॉफी दी गई सी एम राइस स्कूल एवं मित्र कन्या शाला को सांत्वना पुरस्कार दिया गया समिति द्वारा छात्रों को उत्साहवर्धन करने हेतु प्रत्येक स्कूल के प्रतियोगी छात्रों को प्रमाण पत्र ट्रॉफी और इनाम दिए गए कार्यक्रम के आयोजक पवन सिंह चौहान ने बताया इस मौके पर 25 चुनिंदा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया जो कई वर्षों से रक्तदान कर रहे हैं रक्तदाताओं के सम्मान में ही प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है सोहागपुर के ब्लड बैंक को सामूहिक रूप से सम्मान दिए गया ग्रुप बनाने वाले ताजखान को यह सम्मान दिया गया विशेष अतिथि के रूप में रूप में मंच पर मनमोहन पलिया पूर्वजनपद सदस्य बनखेड़ी समाजसेवी हरगोविंद पुरबिया मनोहर सिंह राजपूत नगर परिषद के प्रतिनिधि यशवंत पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी धनराज तिवारी प्राचार्य अनीता गेरैया प्राचार्य घनश्याम यादव प्राचार्य आरती मेहरा प्राचार्य संजीव शुक्ला प्राचार्य हेमंतभार्गव प्राचार्य थे प्रतियोगिता में निर्णायक रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त तारा जायसवाल पूर्व प्राचार्य कन्या शाला, नृत्य में गोल्ड मेडलिस्ट शिक्षिका अनुपम चौरसिया एवं नृत्य की जानकार चित्रतिवारी रही कार्यक्रम में शानदार एंकरिंग सनफ्लावर स्कूल की शिक्षिका ऋषिका गोस्वामी एवं अन्य शिक्षिका महिमा पुरोहित ने प्रस्तुत की जिसकी उपस्थित दर्शकों ने काफी प्रशंसा की प्रदर्शन संदीप साहू समिति के अध्यक्ष द्वारा किया गया

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने उज्जैन की सभा में कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले-

# कांग्रेस ने किया बंटाढार, भाजपा शासन में हुआ प्रदेश का विकास

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें जनता अपना मत प्रकट करेगी। इस चुनाव में आपके सामने दो ही विकल्प हैं। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है, जिसने प्रदेश का बंटाढार कर दिया था। उसे बीमारू राज्य बना दिया था। रविवार को उज्जैन में जनसभा को संबोधित करते श्री शाह ने यह बात कही। सभा को प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी है, जिसने अपने 18 साल के शासन में प्रदेश के कोने-कोने में विकास किया है। आप विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट मत दीजिए। आपका एक वोट मध्यप्रदेश और देश का भविष्य तय करने वाला है।



श्री शाह ने कहा कि बंटाढार की सरकार के समय जैसे ही गाड़ी मध्यप्रदेश की सीमा में आती थी, तो इतने गड्ढे आते थे कि नींद खुल जाती थी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार ने प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया। श्री शाह ने कहा कि बंटाढार की सरकार के समय 2002 में मध्यप्रदेश का बजट 23000 करोड़ रुपये होता था। भाजपा की सरकार ने उसे बढ़ाकर 3,15000 करोड़ तक पहुंचाया। उस समय शिक्षा का बजट 2456 करोड़ हुआ करता था, जिसे भाजपा की सरकार ने 38000 करोड़ तक पहुंचाया। तब प्रति व्यक्ति सालाना आय 11 हजार रुपये होती थी, जिसे भाजपा की सरकार ने 1.40 लाख तक पहुंचाया। श्री शाह ने कहा कि बंटाढार की सरकार मध्यप्रदेश में 60 हजार किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कें छोड़कर गई थी, जिन्हें भाजपा की सरकार ने 5,10,000 किलोमीटर तक पहुंचाया है। बंटाढार की सरकार समर्थन मूल्य पर 4.40 लाख टन गेहूं खरीदती थी, लेकिन अब शिवराज जी की सरकार 71 लाख मीट्रिक टन गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदती है। उस समय मेडिकल की सीटें 620 होती थीं, जिन्हें भाजपा की सरकार ने 4000 तक पहुंचाया है। प्रदेश में उस समय 159 आईटीआई थे, अब भाजपा की सरकार में 1014 आईटीआई हैं। श्री शाह ने कहा कि किसी भी राज्य में आने वाले पर्यटक उसके विकास का पैमाना होते हैं। बंटाढार की सरकार के समय हर साल प्रदेश में 64 लाख पर्यटक आते थे, जबकि अब हर साल 9 करोड़ पर्यटक मध्यप्रदेश आते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बीते 9 सालों में देश में भारी बदलाव किए हैं, विकास किया है। धारा 370 को कांग्रेस 70 सालों तक अटकाती रही, लेकिन मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को उसे एक झटके में हटा दिया। उस समय राहुल बाबा कहते थे कि 370 मत हटाइये, खून की नदियां बह जाएंगी। लेकिन एक कंकड़ तक चलाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। मोदी जी ने भारतमाता के मुकुटमणि कश्मीर को हमेशा के लिए भारत से जोड़ दिया। राम मंदिर के मुद्दे को कांग्रेस सालों से अटका, लटका और भटका रही थी मोदी जी ने न्यायलयीन प्रक्रिया के माध्यम से यह मामला सुलझाया और एक दिन मंदिर के लिए भूमिपूजन भी कर दिया। पहले कांग्रेस वाले हम पर ताने मारते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, पर तारीख नहीं बताएंगे। अब तारीख भी आ गई है। 22 जनवरी को भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### कांग्रेस को विरोध करने की आदत

गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के जो भी काम करती है, कांग्रेस उसका विरोध करती है। हमारी सरकार ने उज्जैन में भव्य महाकाल महालोक बनाया है। जो भी इसके दर्शन करता है, वो उसकी प्रशंसा करता है। लेकिन कांग्रेस महाकाल लोक का भी विरोध करती है। उज्जैन वालो मुझे बताओ, महाकाल लोक का जो लोग विरोध करते हैं उन कांग्रेसियों को मध्यप्रदेश में शासन का अधिकार देना चाहिए क्या? श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के शासन में काशी विश्वनाथ का गलियारा बना, बद्रीनाथ और केदारनाथ का पूर्ण विकास हुआ। भारत चन्द्रयान से चंद्रमा पर भी पहुंच गया। लेकिन कांग्रेस को तो विरोध करने की आदत पड़ी है। हम ट्रिपल तलाक बंद करते हैं, हम धारा 370 हटाते हैं, हम पाकिस्तान को सीधा करने का काम करते हैं और कांग्रेस इन पर सवाल उठाती है। जी-20 समिट के आयोजन से सारी दुनिया में भारत का यश बढ़ा है, लेकिन कांग्रेस ने इसका भी विरोध किया। महात्मा गांधी की समाधि पर जब दुनिया के सारे राष्ट्राध्यक्ष एक साथ खड़े होकर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तब आप लोगों को अच्छा लगा कि नहीं लगा? कांग्रेस ने उसका भी विरोध किया।

शाह ने डेढ़ घंटे में 260 नेताओं को दिया जीत का मंत्र, बोले-


# अहंकार छोड़ें नेता, हर बूथ को जिताएं




**छतरपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को खजुराहो में सागर संभाग के भाजपा नेताओं, प्रवासी प्रभारियों और मप्र के चुनिंदा चुनाव प्रभारी नेताओं की बैठक ली। इस बैठक के दौरान अमित शाह ने साफतौर पर नेताओं को संदेश दिया कि वे अपने सारे अहंकार और निजी स्वार्थ को त्यागकर पार्टी को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाएं। उन्होंने कहा कि हर बूथ को जागृत करें, पन्ना प्रभारी से लेकर बूथ समितियों में मौजूद कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरें, ताकि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार प्रचण्ड बहुमत से बन सके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश दौरे पर है। इसी कड़ी में वे रविवार को खजुराहो पहुंचे। निजी होटल में भाजपा की संभागीय बैठक शुरू की। डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में सागर संभाग की सभी 26 विधानसभा सीटों के करीब 260 पदाधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव, सह प्रभारी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में सागर संभाग के सभी संगठन नेता, जिलाध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री, प्रवासी प्रभारी नेता मौजूद रहे। गृहमंत्री अमित शाह सुबह 11.40 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर के माध्यम से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे खजुराहो के पांच सितारा होटल आए और सीधा बैठक शुरू की। दो घंटे तक रुकने के बाद अमित शाह दोपहर करीब 1 बजे खजुराहो से रीवा के लिए निकल गए।

सभी 230 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

# भाजपा ने विदिशा से मुकेश टंडन व गुना से पन्नालाल को उतारा





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन सोमवार के पहले आज, भारतीय जनता पार्टी ने विदिशा और गुना विधानसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी।

भाजपा ने विदिशा से मुकेश टंडन और गुना (अजा) से पन्नालाल शाक्य को उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने श्री टंडन को ही मैदान में उतारा था, लेकिन वे कांग्रेस के शशांक भार्गव से चुनाव हार गए थे। श्री टंडन का इस बार भी मुकाबला श्री भार्गव से ही होगा। कांग्रेस उनके नाम की पहले ही घोषणा कर चुकी है। वहीं गुना सीट से पार्टी ने पूर्व विधायक पन्नालाल शाक्य पर दांव खेला है। गुना से वर्तमान में भाजपा के गोपीलाल जाटव विधायक हैं। उनके स्थान पर इस बार श्री शाक्य पर भरोसा जताया गया है। श्री शाक्य का मुकाबला कांग्रेस के पंकज कनेरिया से होगा।

इन दोनों शेष सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का लंबे समय से सभी को इंतजार था। कांग्रेस पहले ही दो सूचियों के माध्यम से अपने सभी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन दाखिले की आज अंतिम तिथि है।

जबलपुर में भाजपा को झटका

# साहू ने नगर अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के जबलपुर नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की मौजूदगी में पार्टी के संभागीय दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में श्री साहू के खिलाफ आलाकमान से की गई शिकायत पर वे क्षुब्ध हैं। उनका कहना है कि जिन्होंने हंगामा किया उन्हें बुलाया आश्वासन दिया गया इससे मैं आहत हूं। श्री साहू ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को अपना इस्तीफा भेजने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

उन्होंने दुखी मन से कहा, 1980 से पार्टी से जुड़ा रहा.बहुत सारे अनुभव मिले है.43 साल के सफर में बहुत से उतार-चढ़ाव देखे। पार्टी अध्यक्ष पद संभाला था,तब भी कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की। श्री साहू ने कहा कि 21 अक्टूबर को पार्टी के संभागीय कार्यालय में हुई विरोध की घटना का आरोप मेरे ऊपर लगा.21 अक्टूबर को प्रदर्शन करने वालों को हमारे केंद्रीय नेतृत्व अमित शाह से मिलवाया गया.जिन पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई होना थी,उन्हें भाजपा कार्यालय में बुलाया गया.अमित शाह से पांच मिनट अलग से बातचीत करवाई गई.जिन लोगों के कारण भारतीय जनता पार्टी के संभागीय कार्यालय में हंगामा हुआ,उन्हें बुलाकर आश्वासन दिया गया.इससे मैं आहत हूं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बैठक के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रभात साहू से यह तक कह दिया कि 17 नवम्बर के बाद आपको हटा दिया जाएगा.इसी दौरान जबलपुर की उत्तर-मध्य सीट से टिकट कटने से नाराज भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया की मुलाकात केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भी करवाई गई.धीरज पटेरिया ने साल 2018 में भी बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और 30000 से अधिक वोट हासिल किए थे.इससे भाजपा के पूर्व मंत्री शरद जैन चुनाव हार गए थे।

दिग्विजय ने किया दावा

# राजस्थान की तर्ज में मध्यप्रदेश में भी पड़ेंगे छापे

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ने दावा किया कि राजस्थान की तरह मध्यप्रदेश में भी अगले 4 दिनों में केंद्रीय एजेंसियां छापेमारी करेंगी।



भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रतयाशी पीसी शर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा, एक तरफ वे भाजपा अधिकारियों को डरा रहे हैं, दूसरी तरफ, वे राजस्थान की तरह मध्य प्रदेश में भी छापेमारी करने जा रहे हैं. अगर ऐसा हुआ तो आपको पता चल जाएगा कि दिग्विजय सिंह को सारी जानकारी कहां से मिलती है। श्री सिंह ने यह भी कहा, अगले चार दिनों में इसे स्वयं देख लें।

उल्लेखनीय है कि सप्ताह की शुरुआत में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में पेपर लीक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और महुआ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ओमप्रकाश हुडला के परिसरों पर छापेमारी की थी. इसके अलावा सीएम अशोक गहलोत के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा अधिनियम के उल्लंघन के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया है।

मंदिर को लेकर भाजपा ने किया सवाल

# कांग्रेस बताए उसे राम से आपत्ति है या मंदिर से

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने आज एक बार फिर राम मंदिर मुद्दे को लेकर कांग्रेस से सवाल किया। पार्टी के राज्यसभा सासंद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस को यह इस्पष्ट करना चाहिए कि उसे राम से आपत्ति या मंदिर से। श्री त्रिवेदी ने आज यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि जब हम यह कहते थे कि राम मंदिर बनाएंगे तो कांग्रेस कहती थी तारीख नहीं बताएंगे और उसने इस मुद्दे पर जमीन-आसमान एक कर रखा था। आज जब मंदिर बन रहा है तो इनके मन में होली जल रही है और उसकी आग ठंडी नहीं पड़ पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बाबरी मस्जिद को शहीदी बता रहे हैं। ये सीधे तौर पर अदालत की अवमानना है।



श्री त्रिवेदी ने कहा कि कार्यसेवकों को अयोध्या जाने से रोकने के लिए इन्होंने दीवार बना दी थी। इतना ही नहीं इन्होंने मध्यप्रदेश की पटवा सरकार भी बर्खास्त करवा दी थी। कांग्रेस ने राम मंदिर को राजनीति के तराजू में लाभ हानि पर तोला है। जबकि भाजपा के लिए राम मंदिर आस्था का विषय है। ये हम से तारीख पूछते थे लीजिए आ गई तारीख।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस में खामखां का इफ्तार होता था, न तो उसमें रोजा रखने वाले होते थे और न इफ्तार करने वाले। कांग्रेस के चुनावी मुद्दे पर श्री त्रिवेदी ने कहा के चेहरे फितरत बदल रहे हैं। मुद्दा तो सिर्फ एक है प्रदेश का विकास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खतरनाक राजनीति कर रही है। मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर नफरत है। जातिगत गणना जुड़े सवाल पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पहले बताए उन्होंने जातिगत गणना रोकी क्यों थी।

### मन की बात सुनी

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के स्टेट मीडिया सेंटर में सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के शर्मा, प्रेम शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित मीडिया टीम ने इस कार्यक्रम को सुना।

महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा, कहा-

# ढाई गुना बढ़ी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें, सरकार को नहीं चिंता

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.रागिनी नायक ने आज यहां प्याज के मूल्य में हुई वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे आमजन परेशान है। वहीं किसानों को उचित मूल्य तक नहीं मिल रहा है। शाजापुर में प्याज 2 रुपए किलो खरीदी गई है और शहरों में 80-90 रुपए किलो तक इसे बेचा जा रहा है। उन्होंने एक वर्ष में आटा से लेकर सब्जी तक दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ी है लेकिन भाजपा सरकार को कोई चिंता नहीं है।



डॉ. नायक ने कहा कि कुछ समय पहले 250 रुपये तक टमाटर पहुंच गया था और अब प्याज का मूल्य 80-90 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। एक तरफ मुख्यमंत्री बहन-बेटियों को लाड़ली कहते हैं और दूसरी तरफ महंगाई की मार सह रही बहनों का मजाक बनाते हैं। मंडियों, ठेलों-दुकानों पर आमजन को सब्जी महंगी मिल रही है और किसान हाथ मल रहे हैं।

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि पिछले वर्ष ही प्याज कीमतों ने किसानों को रुलाया क्योंकि बिक्री के बाद खेती की लागत तो दूर किसानों का परिवहन का खर्च तक नहीं निकला। उन्होंने बताया कि शाजापुर मंडी में तो किसानों से प्याज केवल दो रुपये में खरीदा गया। लहसुन थोक में एक प्रति किलोग्राम तक खरीदा गया। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, आटा, दूध, घी, पनीर, से लेकर प्रतिदिन उपयोग में आने वाली सामग्री महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उचित मूल्य की राशन दुकानों पर निम्न गुणवत्ता का गेहूं-चावल देकर घोटला किया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनने पर कोई घोटालेबाज नहीं बचेगा और कार्रवाई होगी।

## श्रीनगर में आतंकी हमला, पुलिस इंस्पेक्टर शहीद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को ईदगाह इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गया। उनकी पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई है। मसरूर येचिपोरा ईदगाह इलाके के रहने वाले थे। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उधर, कुपवाड़ा जिले में सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान एक आतंकी को मार गिराया। फिलहाल अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

### पिछले महीने भी 3 अफसर, 2 जवान शहीद हुए थे

जम्मू-कश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक डीएसपी शामिल थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

# अमरपाटन : मुश्किल में हैं मंत्रीजी

**• सतना से नरेंद्र कुमार मौर्य**

**सतना, देशबन्धु।** सतना जिले में अमर पाटन की विधानसभा सीट इसलिए महत्वपूर्ण है कि यहां से भाजपा की शिवराज सरकार के एक राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल चुनाव लड़ रहे हैं। उनके मुकाबले में कांग्रेस के डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह हैं। उन्हें क्षेत्र के लोग दादा भाई कहते हैं। वे पिछला चुनाव हार गए थे, लेकिन उसके पहले 2013 में वे न केवल विजयी हुए थे बल्कि विधानसभा के उपाध्यक्ष भी चुने गए थे। पिछली दफा विस उपाध्यक्ष पराजित हुए थे तो क्या इस बार राज्यमंत्री पराजित होंगे? अमर पाटन में सचेत मतदाताओं के सामने यह सवाल है। इसका जवाब भी मतदाताओं को ही देना है, लेकिन इसका खुलासा तीन दिसम्बर को होगा।

मध्यप्रदेश में भाजपा का जलवा ऐसा है कि वह हमेशा मुकाबले में रहती है, सो राज्यमंत्री का जीतना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन क्षेत्र के लोग इसे बड़ी बात ही बता रहे हैं। ककरा गांव के राजेंद्र कुमार साकेत कहते हैं कि मंत्रीजी को बस अपनी जाति वालों का ही ध्यान रहा इसलिए दूसरी जातियों के लोग उनसे नाखुश हैं। उन्होंने तो यहां तक कहा कि भाजपा के सर्वे में भी यह नाराज़गी उजागर हुई थी, लेकिन मंत्रीजी अपनी टिकट बचाने में कामयाब हो गए। फिर भी उनकी राह आसान नहीं है। उन्होंने बताया कि ककरा गांव में चार हज़ार मतदाता हैं।

नादन टोला में जब हमने किसरिया बाई से पूछा कि लाडली बहना का पैसा मिल रहा है, तो वे बोली कि मिल तो रहा है, लेकिन इतनी देर सरकार सोई रही और चुनाव आ गए तो जाग गई। यही बात रामगोपाल साहू ने भी कही। उन्होंने कहा कि थोड़ा अनाज दो, थोड़े से पैसे दो, पर इससे कब तक गुजर होगी? अच्छा होता सरकार हमें काम देती। रोजी रोटी कमाने के मौके तो सभी को मिलने चाहिए। फिर वे धीरे से कहते हैं 'इसलिए सरकार बदलना जरूरी है।'

इससे आगे की बात बर्रेह के अरुण कुमार पटेल ने पूरी की। वे लालपुर के सरपंच भी रह चुके हैं। वे कहते हैं कि देखो अब लाड़ली बहना कर रहे हैं, लेकिन जब लाड़ली बहना परेशानी में थी तो कुछ नहीं किया। कोरोना और लॉक डाउन के समय किसी को कुछ क्यों नहीं दिया। तब तो ज़्यादा ज़रूरत थी। तब न बहनों की और न भाइयों की याद आई। उस समय सब परेशान थे। तब कभी मदद के बारे में नहीं सोचा और अब जब चुनाव सामने हैं तो मददगार बन रहे हैं। 18 साल तक बैठे रहे, इसलिए सत्ता बदलना जरूरी है। वहीं पास में बैठे अजीत सनाढ्य कहते हैं कि मंत्रीजी को इस बार ब्राह्मण वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने कारण नहीं बताया लेकिन ज़ोर देकर कहा कि देख लेना इस बार ऐसा ही होगा। फिर वे महंगाई की बात करने लगे। टमाटर 80 रुपए किलो हो गया और प्याज भी महंगी हो गई है।

बसपा से यहां छंग्गेलाल कोल चुनाव लड़ रहे हैं। वे आदिवासी हैं और पिछली बार भी चुनाव लड़ चुके हैं। तब उन्हें करीब 37 हजार वोट मिले थे। उधर अजीत सनाढ्य का कहना है कि इस बार उनके वोट भी घटेंगे। बसपा का मध्यप्रदेश में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन है।

अमर पाटन के शब्बीर भाई खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुस्लिम आबादी छह हज़ार से नौ हज़ार के बीच है। ज़्यादातर मुस्लिम अमर पाटन, मुकुंदपुर और रामनगर में रहते हैं। ये सभी मंत्रीजी के ख़िलाफ़ जायेंगे इसलिए इस समय दादा भाई आगे नज़र आ रहे हैं। यह शुरुआत है, आगे क्या होगा कहा नहीं जा सकता पर आज की स्थिति यही है।

नवगवां के अशोक कुशवाहा ने बताया कि इस क्षेत्र की यह विशेषता है कि यह दुबारा मौका नहीं देता। हर बार अपना प्रतिनिधि बदल देता है इसलिए इस बार मंत्रीजी की नहीं, दादा भाई के जीतने की बारी है।

अभी तो चुनाव की शुरुआत है। आगे स्थितियां बदलेंगी। नामांकन जारी है। कुछ नये उम्मीदवार भी नमूदार हो सकते हैं। जैसे शुक्रवार को नारायण त्रिपाठी ने विंध्य जनता पार्टी बनाकर अमर पाटन से श्रीमती शशि सत्येंद्र शर्मा को टिकट दिया है। अब देखना यह है कि वे कितने ब्राह्मण वोटों को अपनी तरफ खींच पाती हैं और दूसरी बात वे नुकसान किसका करेंगी - कांग्रेस का या भाजपा का?

बहरहाल शुरुआती रुझान से इतना तो साफ़ है कि मंत्रीजी मुश्किल में हैं। उधर दादा भाई यानी डा राजेंद्र कुमार सिंह के बंगले पर उनसे मिलने जुलने वालों की भीड़ लगी थी।

# रामपुर बघेलान : 'हार जाते हैं मगर मैदान में हैं'

**सतना, देशबन्धु।** लंबे अरसे से कांग्रेस के लिए यह क्षेत्र चुनौती बना हुआ है। शुरुआत के चार चुनाव और उसके बाद 1980 और 1985 में ही कांग्रेस यहां से जीती थी। उसके बाद जनता दल एक बार, बसपा दो बार और भाजपा तीन बार चुनाव जीत चुकी है। निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह के पिता हर्ष नारायण सिंह 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए थे। कांग्रेस के लिए अच्छी ख़बर यही है कि बसपा के रामलखन सिंह पटेल कांग्रेस में आ गए हैं।

कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी विक्रम सिंह के पुराने प्रतिद्वंदी रामशंकर पयासी को ही फिर मैदान में उतारा है। बसपा से मणिराज सिंह पटेल उम्मीदवार हैं। आम आदमी पार्टी ने शशि दीपक सिंह बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस के लिए पहली कोशिश मुकाबले में आने की है। 2013 में तो कांग्रेस उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई थी। हालात ऐसे बन गए हैं कि यहां कांग्रेस तीसरे और चौथे नंबर की पार्टी बनकर रह गई है इसलिए जरूरी है कि पहले वह मुकाबले में आए, जीतना तो बाद की बात है।

यही बात शिवपुरवा गांव के राघव द्विवेदी कहते हैं कि बसपा ने यहां कांग्रेस को नीचे धकेल दिया है। वे तो यहां तक कहते हैं कि मध्यप्रदेश में बसपा की शुरुआत इसी क्षेत्र से हुई है। यहां वह न केवल मुकाबले में बनी हुई है बल्कि दो बार चुनाव जीत भी चुकी है।

कांग्रेस ने इसकी काट रामलखन सिंह पटेल के रूप में ढूंढ़ ली है। अब देखना यह है कि वे कांग्रेस के लिए कितने उपयोगी सिद्ध हो पाते हैं। राघव द्विवेदी कहते हैं कि रामलखन सिंह पटेल बड़ी हस्ती हैं। उन्होंने विक्रम सिंह के पिता हर्ष नारायण सिंह को हराया था। वे साथ दे पाए तो कांग्रेस का कुछ भला हो सकता है, लेकिन विक्रम सिंह को हराना मुश्किल है। उनके पिता तीन बार चुनाव जीते थे। विक्रम सिंह भी फिर जीतेंगे। उनके परिवार का इलाके में अच्छा प्रभाव है।

उधर कुरमिहा टोला वाले लल्लू सिंह साफ साफ कह देते हैं कि वे भाजपा वाले हैं और इस बार फिर विक्रम भैया जीत रहे हैं। वहां एक और सज्जन मौजूद थे जो आदिवासी हैं और उनका भी नाम लल्लू है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ सोचा नहीं है। गांव में जैसा तय होगा, वैसा करेंगे।

करही गांव के अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं, लेकिन कभी किसी दल ने उन्हें टिकट नहीं दिया। ब्राह्मण मतदाता जिसकी तरफ गया, हमेशा उसी की जीत हुई है। पिछले दो चुनाव से वह भाजपा के साथ है इसलिए भाजपा लगातार जीत रही है। उसके पहले बसपा और जनता दल की तरफ भी ब्राह्मण वोट गया तो वे भी जीते।

कांग्रेस को राहत देने वाली बात रामपुर के एक मतदाता विद्या भूषण त्रिपाठी ने बतायी। उन्होंने कहा कि इस बार ब्राह्मण मतदाता का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस में जा रहा है। उनके अलावा कुशवाहा वोट भी उधर ही जाने वाले हैं। इससे कांग्रेस प्रत्याशी रामशंकर पयासी मुकाबले में आ सकते हैं। साथ में उन्होंने यह भी जोड़ा कि यहां भी मुकाबला कड़ा होने जा रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।